सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2014-2015

भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

Government of India, Ministry of Minority Affairs

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT
2014-15

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

भारत सरकार

Ministry of Minority Affairs
Government of India

Web-site : www.minorityaffairs.gov.in

विषय सूची

अध्याय सं.	अध्याय शीर्षक	पृष्ठ सं.
	कार्यकारी सारांश	1
1	प्रस्तावना	2–6
2	बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की योजना (एमएसडीपी)	7–10
3	मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना	11
4	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	12
5	मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना	13
6	मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	14
7	नया सवेरा – निःशुल्क कोचिंग एवं सम्बद्ध योजना	15–16
8	नई उड़ान	17
9	पढ़ो परदेश	18
10	अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना	19
11	प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं का अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन	20–22
12	पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन	23
13	अल्पसंख्यकों हेतु कौशल विकास पहल	24
14	भारत में पारसियों की कम होती जनसंख्या को रोकने की योजना	25
15	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को सहायता–अनुदान की योजना	26
16	आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक	27
17	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग	28–29
18	वक़्फ प्रशासन, केन्द्रीय वक़्फ परिषद एवं राष्ट्रीय वक़्फ विकास निगम	30–36
19	दरगाह ख्वाजा साहेब, अजमेर	37–38
20	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)	39–48
21	मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान	49–51
22	अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम	52–56
23	सच्चर समिति की रिपोर्ट और अनुवर्ती कार्रवाई	57–66
24	जेन्डर विशिष्ट मुद्दे और जेन्डर बजटिंग	67
25	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005	68
26	शासकीय लेखापरीक्षा	69
27	स्वच्छ भारत मिशन	70–71
28	परिणाम–ढांचा दस्तावेज, नागरिक/सेवार्थियों का चार्टर और शिकायत निवारण तंत्र	72
	अनुलग्नक I से XXI	73–130

कार्यकारी सारांश

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की उपलब्धियां

- ''अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना" के तहत 68225 अल्पसंख्यक महिलाओं को नेतृत्व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 26 राज्यों में 338 संगठनों को दिनांक 31.12.2014 तक ₹11.73 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है।

- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के बीच समझौता ज्ञापन को दिनांक 10.12.2014 को लोकसभा में और दिनांक 9.12.2014 को राज्य सभा में रखा गया था।

- एनएमडीएफसी द्वारा आवधिक ऋण और लघु वित्त के तहत 46763 लाभार्थियों को ₹246.70 करोड़ की निर्मुक्ति की गई।

- दिनांक 31.12.2014 तक 64.73 लाख मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं तथा ₹1040.11 करोड़ की निर्मुक्ति की गई। निर्मुक्त की गईं छात्रवृत्तियों में से, 51.03% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए थीं।

- दिनांक 31.12.2014 तक 95,506 मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं तथा ₹56.46 करोड़ की निर्मुक्ति की गई।

- दिनांक 31.12.2014 तक 80132 मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं तथा ₹2.00 करोड़ की निर्मुक्ति की गईं।

- बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की नई पहलों के अंतर्गत, 31.12.2014 तक निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल की गई हैं:–

  1. साइबर योजना के अंतर्गत, 244 मदरसों के 1,70,005 अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को डिजिटल प्रशिक्षण।

  2. 1,24,985 अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की मंजूरी।

  3. 10,860 अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को मुफ्त साइकिलें प्रदान की गईं।

- "सीखो और कमाओ" के ब्रांड नाम के साथ एक कौशल पहल के रूप में, दिनांक 31.12.2014 तक 16270 अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 34.68 करोड़ रु0 की निधियां जारी की गईं।

- "जियो पारसी" योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार ने भारत में पारसियों की घटती जनसंख्या को रोकने के लिए केंद्र क्षेत्र की योजना हेतु 31.12.2014 तक चिकित्सा सहायता के लिए 14.55 लाख रु0 और पक्षसमर्थन तथा आउटरीच कार्यक्रम के लिए 17.05 लाख रु0 की निधियां जारी की गईं।

- वर्ष 2014–15 के लिए बजट अनुमान (ब. अ.) 3711.00 करोड़ रु0 है, जबकि संशोधित अनुमान (सं. अ.) 3140.00 करोड़ रु0 है। 31.12.2014 तक 2292.40 करोड़ रु0 व्यय किया गया जो बजट अनुमान का 61.77% और संशोधित अनुमान का 73% बैठता है।

अध्याय–1

प्रस्तावना

1.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का गठन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में से 29 जनवरी, 2006 को पांच अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों अर्थात् मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, सिक्ख तथा पारसियों से संबंधित मामलों पर बल देने के लिए गठित किया गया था और दिनांक 27 जनवरी, 2014 की अधिसूचना के तहत जैनों को भी अल्पसंख्यक समुदाय में शामिल कर लिया गया है। मंत्रालय का अधिदेश अल्पसंख्यक समुदायों के लाभ के लिए समग्र नीति तैयार करने और योजना, समन्वयन, मूल्यांकन, विनियामक एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करना है।

संकल्पना एवं मिशन

1.2 मंत्रालय की संकल्पना अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त बनाना तथा हमारे राष्ट्र के बहु–जातीय, बहु–सांस्कृतिक, बहु–भाषायी एवं बहु–धार्मिक स्वरूप के सुदृढ़ीकरण के लिए वातावरण निर्मित करना है।

1.3 मंत्रालय का मिशन सकारात्मक कार्रवाई के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाना तथा व्यापक विकास करना है ताकि प्रत्येक नागरिक को सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय रूप से भागीदारी करने का समान अवसर प्राप्त हो। अल्पसंख्यक समुदायों हेतु शिक्षा, रोजगार, आर्थिक क्रियाकलापों में समान हिस्सेदारी को सुग्राही बनाना तथा उनका उत्थान सुनिश्चित करना।

1.4 श्रीमती नजमा हेपतुल्ला तथा श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने क्रमशः अल्पसंख्यक कार्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री के कार्यालय का प्रभार ग्रहण किया। मंत्रालय के सचिव के कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु तीन संयुक्त सचिव तथा एक संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार हैं। मंत्रालय में संस्वीकृत नफरी 98 की है और 66 अधिकारी/कर्मचारी स्टॉफ तैनात हैं। मंत्रालय का संगठनात्मक चार्ट **अनुलग्नक–I** पर तथा पदधारिता विवरण **अनुलग्नक–II** पर दिया गया है। हालांकि मंत्रालय के अधिकांश बहु–प्रकृति के कार्य इसके द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किए जाते हैं, तथापि इसे अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन अधिकारी/संगठनों की सहायता मिलती रहती है।

1.5 आरंभ में, अल्पसंख्यकों के लिए 07 कल्याण योजनाएं थीं। इसके पश्चात, मंत्रालय द्वारा नवीन कल्याण योजनाओं का शुभारंभ किया गया और इस समय मंत्रालय द्वारा 22 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके परिणाम स्वरूप कार्यभार में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। मंत्रालय का सृजन 98 की स्वीकृत क्षमता से हुआ था, जिसमें से 66 अधिकारी/कर्मचारी पदस्थ हैं। मंत्रालय का कार्यभार बढ़ गया है किंतु कर्मचारियों की कमी अभी तक चल रही है। बढ़े हुए कार्यभार से निपटने के लिए तथा विभिन्न योजनाओं के समुचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय ने आवश्यकता के आधार पर आउटसोर्स आधार पर कंसल्टेंट्स, जूनियर कंसल्टेंट्स, सीनियर एसोसिएट्स, जूनियर एसोसिएट्स, प्रोग्राम सपोर्ट को–आर्डिनेटर, प्रोग्राम सपोर्ट असिस्टेंटस, स्टेनोग्राफर, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा चपरासियों को संविदा के आधार पर नियोजित किया है।

कार्यो का आबंटन

1.6 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियमावली, 1961 की दूसरी अनुसूची के अनुसार इस मंत्रालय को आबंटित किए गए विषय इस प्रकार हैं:–

(i) अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विनियामक तथा विकास कार्यक्रमों पर समग्र नीति, योजना तैयार करना, समन्वय, मूल्यांकन तथा समीक्षा करना।

(ii) कानून और व्यवस्था से संबंधित मामलों को छोड़कर अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित सभी मामले।

(iii) केन्द्र सरकार के अन्य मंत्रालयों तथा राज्य सरकार के परामर्श से अल्पसंख्यकों के संरक्षण और उनकी सुरक्षा के लिए नीति की पहलें करना।

(iv) भाषायी अल्पसंख्यकों तथा आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक के कार्यालय से संबंधित मामले।

(v) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम से संबंधित मामले।

(vi) शरणार्थी सम्पत्ति अधिनियम, 1950 (1950 का 31), (अब निरस्त) के प्रशासन के अंतर्गत शरणार्थी वक्फ़ सम्पत्तियों से संबंधित कार्य।

(vii) एंगलो–इंडियन समुदाय का प्रतिनिधित्व।

(viii) विदेश मंत्रालय के परामर्श से 1955 के पंत–मिर्जा समझौते के अनुसार पाकिस्तान में गैर–मुस्लिम पूजा स्थलों और भारत में मुस्लिम पूजा स्थलों का संरक्षण और परिरक्षण करना।

(xiv) विदेश मंत्रालय के परामर्श से पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित प्रश्न।

(x) धार्मिक और धर्मार्थ संस्थान, विभाग में निपटाए जा रहे विषयों से संबंधित धर्मार्थ एवं धार्मिक स्थायी निधि।

(xi) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान सहित अल्पसंख्यकों, अल्पसंख्यक संगठनों के सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक स्थिति से संबंधित मामले।

(xii) वक्फ (संशोधित) अधिनियम, 2013।

(xiii) दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 (1955 का 36)

(xiv) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम सहित अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्यक्रमों और परियोजनाओं का वित्त पोषण।

(xv) अल्पसंख्यकों के लिए केन्द्रीय और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ–साथ निजी क्षेत्र में

रोजगार के अवसर।

(xvi) अन्य संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और संरक्षण से संबंधित उपाय करना।

(xvii) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों के मध्य सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग ।

(xviii) अल्पसंख्यकों के लिए प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम।

(xix) राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम के माध्यम से वक्फ संपत्तियों का विकास।

(xx) अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित कोई अन्य विषय।

राजभाषा का प्रयोग

1.7 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यालयों में भारत सरकार की सुविचारित राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक संयुक्त निदेशक (राजभाषा), एक सहायक निदेशक (राजभाषा), एक वरिष्ठ अनुवादक और तीन कनिष्ठ अनुवादकों के पद हैं। फिलहाल, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) और कनिष्ठ अनुवादक का एक पद रिक्त है।

1.7.1 मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी कागजात जैसे संकल्प, अधिसूचनाएं, प्रेस विज्ञप्तियां, प्रशासनिक रिपोर्टें तथा संसद के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में जारी किए गए।

1.7.2 राजभाषा अधिनियम और इसके उपबंधों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त जांच बिंदु बनाए गए हैं।

1.7.3 मंत्रालय की सभी योजनाओं यथा अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना, मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना, मैरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना, अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति, निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना, अल्पसंख्यक बहुल जिलों के लिए बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम, अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास हेतु नई रोशनी योजना, पढ़ो परदेश, नालंदा परियोजना, साईबर ग्राम, हमारी धरोहर, उस्ताद तथा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्रीय कार्यक्रम आदि राजभाषा हिंदी में प्रकाशित कराई गई।

1.7.4 मंत्रालय में हिंदी के प्रगामी प्रयोग की निगरानी एवं समीक्षा के लिए संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यन्वयन समिति गठित है। यह समिति नियमित आधार पर मंत्रालय में राजभाषा के कार्यान्वयन की समीक्षा करती है।

1.7.5 अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना काम हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करने और हिंदी में मूल रूप में टिप्पण और प्रारूप तैयार करने के लिए उन्हें प्रभावी रूप से प्रशिक्षित करने हेतु हिंदी कार्यशाला अयोजित की गई।

1.7.6 मंत्रालय में 01 सितम्बर से 15 सितम्बर, 2014 के दौरान हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें मंत्रालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। मूल रूप से हिंदी में टिप्पण एवं प्रारूप लेखन को बढ़ावा देने के लिए "हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया।

1.7.7 मंत्रालय के राजभाषा प्रभाग ने सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को सरल और सुगम बनाने हेतु **"राजभाषा दिग्दर्शिका"** तैयार की है, जिसमें भारत सरकार की राजभाषा नीति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है और साथ ही, अंग्रेजी–हिंदी शब्दावली तथा रोजमर्रा में प्रयुक्त होने वाले अंग्रेजी/हिंदी वाक्यांशों को भी शामिल किया गया है।

सतर्कता एकक

1.8 श्री वाई. पी. सिंह, संयुक्त सचिव को अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) नियुक्त किया गया है। वे मंत्रालय और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के बीच लिंक का भी कार्य करते हैं। सीवीओ मंत्रालय में संयुक्त सचिव (नीति, योजना एवं प्रशासन) के रूप में अपने सामान्य कार्यभार के अलावा सतर्कता का कार्य भी देखता है।

1.8.1 सीवीओ को निम्नलिखित जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं:

- मंत्रालय से संबंधित सतर्कता एवं अनुशासनात्मक सभी मामले।
- प्राप्त शिकायतों की जांच और उन पर समुचित कार्रवाई।
- शिकायतों के संबंध में जांच/पूछताछ/निरीक्षण तथा अनुवर्ती कार्रवाई।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग के साथ समन्वय करना और जब भी कहा जाए जांच रिपोर्टों और शिकायतों आदि के बारे में मंत्रालय के अभिमत केंद्रीय सतर्कता आयोग को प्रस्तुत करना।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग से, जब कभी अपेक्षित हो, सलाह लेना।
- भ्रष्टाचार प्रवण संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान तथा इन पदों पर नियुक्त अधिकारियों का समय–समय पर स्थानांतरण करना और इस प्रकार निवारक सतर्कता को प्रोत्साहित करना।
- सरकार के कार्यकरण में सत्यनिष्ठा, कार्यक्षमता और पारदर्शिता में वृद्धि करना।

1.8.2 वर्ष 2014–15 की अवधि के दौरान, सात (07) शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से छह (06) मामले बंद कर दिए गए तथा बाकी शेष एक (01) को समुचित कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है। इसके अलावा, पहले का एक (01) मामला भी बंद कर दिया गया था। साथ ही, रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 25 कार्मिकों को सतर्कता निकासी भी जारी की गई है।

- सतर्कता अनुभाग द्वारा की जाने वाली कार्रवाईयां:
- संवेदनशील प्रकृति के अभिज्ञात क्षेत्रों पर निगरानी रखना।
- मंत्रालय में औचक सतर्कता निरीक्षण किए जा सकते हैं।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह

1.9 मंत्रालय में देशभक्ति, सांप्रदायिक सद्भाव और एकता की भावना विकसित करने के लिए 19 से 25 नवम्बर, 2014 तक कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह) मनाया गया।

बजट

1.10 बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) में इस मंत्रालय को विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के लिए ₹17,323 करोड़ के परिव्यय का आबंटन किया गया है। वर्ष 2014–15 के बजट अनुमान में ₹3,711 करोड़ के योजनागत बजट का प्रावधान किया गया था, जिसे वर्ष 2014–15 के संशोधित अनुमान में घटाकर ₹3,140 करोड़ कर दिया गया था। वर्ष 2014–15 के बजट अनुमान में ₹23.01 करोड़ के गैर–योजनागत बजट का प्रावधान किया गया था, जिसे बाद में 2014–15 के संशोधित अनुमान स्तर पर बढ़ाकर ₹25.00 करोड़ कर दिया गया था। बारहवीं योजना की योजना/कार्यक्रमवार परिव्यय, बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वर्ष 2014–15 के दौरान दिनांक 31.02.2014 तक वास्तविक व्यय को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–III** में दिया गया है।

अध्याय–2

बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की योजना (एमएसडीपी)

क. सिंहावलोकन

2.1 बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) सच्चर समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तौर पर शुरू किया गया था। यह अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) में वर्ष 2008–09 में शुरू की गई केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) है। यह सामाजिक–आर्थिक अवसंरचना का सृजन करते हुए तथा मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास संबंधी कमियों को दूर करने की क्षेत्र विकास पहल है।

2.2 11वीं योजना के दौरान, अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) की पहचानः

जिला स्तर पर धर्म–विशिष्ट सामाजिक–आर्थिक संकेतक :

(i) साक्षरता दर;

(ii) महिला साक्षरता दर;

(iii) कार्य में भागीदारी दर; और

(iv) महिलाओं द्वारा कार्य में भागीदारी दर

जिला स्तर पर आधारभूत सुविधा संकेतक :

(i) पक्की दीवार वाले मकानों का प्रतिशत;

(ii) स्वच्छ पेयजल वाले मकानों का प्रतिशत;

(iii) विद्युत सुविधा वाले मकानों का प्रतिशत; और

(iv) जल सुविधा युक्त शौचालय वाले मकानों का प्रतिशत

2.3 अल्पसंख्यकः राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित समुदायों को एमएसडीपी के प्रयोजनार्थ अल्पसंख्यक माना जा रहा है।

ख. 12वीं पंचवर्षीय योजना में एमएसडीपी का पुनर्गठनः

2.4 सरकार ने 12वीं पंचवर्षीय योजना में बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के पुनर्गठन का इसके कार्यान्वयन हेतु अनुमोदन किया है। कार्यक्रम का और अधिक प्रभावी तथा लक्षित अल्पसंख्यकों पर उच्च ध्यान केंद्रित करने के लिए पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित एमएसडीपी में जिले के बजाय ब्लॉकों/नगरों को योजना की ईकाई बना दिया गया है ताकि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों पर और अधिक ध्यान दिया जा सके। 12वीं योजना के दौरान, कार्यान्वयन के लिए इस कार्यक्रम में अब अभिज्ञात 710 ब्लॉक तथा 66 नगर हैं। इसके अलावा, 12वीं योजना के दौरान, एमएसडीपी के कार्यान्वयन हेतु निकटस्थ अल्पसंख्यक बहुल गांवों के समूहों की भी पहचान की जाएगी।

2.5 अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों/नगरों (एमसीबी/एमसीटी) तथा गांवों के समूहों की पहचानः

(i) **अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉक (एमसीबी):** 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पिछड़ेपन के अपनाए गए मानदंडों के आधार पर चुने गए पिछड़े जिलों में रहने वाली न्यूनतम 25% अल्पसंख्यक आबादी वाले ब्लॉकों की पिछड़े अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों (एमसीबी) के रूप में पहचान की गई है। 6 राज्यों के मामले में जहां अल्पसंख्यक समुदाय बहुसंख्या में हैं, अल्पसंख्यक आबादी के 15% का न्यूनतम कटऑफ उस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अधिसंख्या वाले अल्पसंख्यक समुदाय की अपेक्षा स्वीकार किया गया है। चुनिन्दा ब्लॉकों में उच्चतर अल्पसंख्यक आबादी वाले गांवों को ग्राम स्तरीय अवसंरचनाओं/परिसंपत्तियों के सृजन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। जनगणना, 2001 के आंकड़ों के आधार पर 155 पिछड़े जिलों में आने वाले ऐसे कुल 710 अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों की पहचान की गई है। तथापि, यह जनगणना, 2011 के आंकड़ों की उपलब्धता के अध्यधीन होगा तथा वे क्षेत्र जो पुनर्गठित कार्यक्रम के क्रियान्वयन के उपरांत भी निरंतर रूप से पात्र बने रहते हैं, को कवर किया जाएगा।

(ii) **अल्पसंख्यक बहुल नगर (एमसीटी):** कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय औसत से नीचे के सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत सुविधा मानदंडों वाले न्यूनतम 25% अल्पसंख्यक आबादी वाले नगरों/शहरों (6 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मामले में, उस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अधिसंख्या वाले अल्पसंख्यक समुदाय की अपेक्षा अल्पसंख्यक आबादी के 15%) की पिछड़े अल्पसंख्यक बहुल नगरों/शहरों के रूप में पहचान की गई है। अल्पसंख्यक बहुल जिलों के बाहर वाले 53 जिलों के कुल 66 अल्पसंख्यक बहुल नगरों की कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु पहचान की गई है। इन नगरों/शहरों की भारत के अल्पसंख्यकों के भौगोलिक वितरण की विवक्षाओं संबंधी टास्क फोर्स (प्रो0 भालचंद्र मुंगेकर की अध्यक्षता वाली) द्वारा और पिछड़े नगरों के रूप में भी पहचान की गई थी। यह कार्यक्रम नगरों/शहरों में अल्पसंख्यकों को सशक्त बनाने हेतु कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा सहित केवल शिक्षा के संवर्धन हेतु क्रियाकलाप करने के लिए अभिप्रेत है।

(iii) **अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल ब्लाकों के बाहर स्थित अल्पसंख्यक बहुल गांवों के समूहः** पिछड़े जिलों में ब्लॉकों के साथ सटे हुए समीपस्थ अल्पसंख्यक गांवों के समूहों **(कम से कम 50% अल्पसंख्यक आबादी वाले)** जिन्हें अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों के रूप में चयनित नहीं किया गया है, की पहचान की जाएगी। पूर्वोत्तर राज्यों के पर्वतीय क्षेत्रों के मामले

में, ऐसे गांव जिनमें अल्पसंख्यक आबादी 25% है, की पहचान की जाएगी। लगभग 500 गांव, जो अल्पसंख्यक बहुल ब्लाकों के बाहर स्थित हैं, उनको चयनित किया जाना है।

ग. निगरानी तंत्र

2.6 15 सूत्री कार्यक्रम के लिए जिला एवं राज्य स्तरीय समितियां क्रमशः जिला एवं राज्य स्तर पर इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं। केंद्र में, अधिकार–प्राप्त समिति भी कार्यक्रम को मॉनीटर करने के लिए निगरानी समिति के रूप में कार्य करती है। सचिवों की समिति (सीओएस) द्वारा छह महीने में एक बार 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा के साथ–साथ इस कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रगति की भी समीक्षा की जाती है और फिर प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के साथ मंत्रिमंडल को सूचना दी जाती है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी तिमाही आधार पर प्रगति को मॉनीटर किया जाता है।

2.7 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सचिवों के नियमित सम्मेलनों के माध्यम से इस कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करता है। मंत्रालय कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रगति की समीक्षा के लिए जिला अधिकारियों तथा राज्य स्तर के अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय सम्मेलन भी आयोजित करता है। इसके अलावा, क्रियान्वयनकर्ता अधिकारियों के निरंतर फॉलोअप के तौर पर जिला एवं राज्य के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस भी की जाती है। साथ ही, मंत्री (अल्पसंख्यक कार्य) तथा सचिव, अल्पसंख्यक कार्य की ओर से मुख्यमंत्रियों तथा प्रमुख सचिवों को उनके राज्यों में लंबित महत्वपूर्ण मामलों के संबंध में ग्रहणशील बनाने के लिए पत्र भी भेजे गए हैं।

घ. एमएसडीपी के कार्यान्वयन की स्थिति

पुनर्संरचित बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) के दिशा–निर्देशों में यथापरिकल्पनानुसार एमएसडीपी के अंतर्गत ली जाने वाली परियोजनाएं आय सृजन अवसरों के निर्माण के अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, स्वच्छता, पक्के आवास, सड़कों, पेयजल हेतु बेहतर अवसंरचना के प्रावधान से संबंध रखती हैं। इनके अतिरिक्त, साईबर ग्राम नामक एक नया संघटक कक्षा VI से कक्षा X तक के अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के मध्य डिजिटल साक्षरता प्रदान करने के लक्ष्य से वर्ष 2014–15 से ही एमएसडीपी के अंतर्गत एक पहल के रूप में आरंभ की गई है।

11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान और 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि (31.12.2014) तक की गई वित्तीय और वास्तविक प्रगति के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:–

I. 11वीं योजना के दौरानः–

क) आर्थिक प्रगतिः 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस कार्यक्रम के लिए ₹3780 करोड़ के कुल आबंटन में से ₹3733.90 करोड़ (आबंटन का 99%) के केंद्रीय शेयर वाली योजनाओं/परियोजनाओं को अनुमोदन दे दिया गया है तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ₹2935.93 करोड़ निर्मुक्त किए गए हैं। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार राज्य सरकारों ने विभिन्न परियोजनाओं के लिए उन्हें निर्मुक्त की गई कुल निधि में से ₹2359.47 करोड़ (80.30%) का उपयोग किया है। राज्य–वार ब्यौरा **अनुलग्नक–**IV पर है।

ख) वास्तविक प्रगतिः

क्रम सं0	परियोजनाओं के नाम	अनुमोदित ईकाइयों की संख्या	पूर्ण किए गए कार्य	कार्य प्रगति पर
1	इंदिरा आवास योजना	301221	217324	37658
2	स्वास्थ्य केंद्र	2537	1860	373
3	आंगनवाड़ी केंद्र	27595	19705	3736
4	पेयजल आपूर्ति	35775	24030	1947
5	अतिरिक्त कक्षा–कक्ष	13508	8298	2352
6	स्कूल भवन	660	373	277
7	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान	72	11	40
8	पालिटेक्निक संस्थान	31	2	25
9	सौर लालटेन/सौर प्रकाश	30314	13488	3912
10	छात्रावास	334	85	176

राज्य–वार ब्यौरा **अनुलग्नक–V** पर है।

II. 12वीं योजना के दौरानः–

(क) **<u>आर्थिक प्रगतिः</u>** 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, इस कार्यक्रम के लिए ₹5775 करोड़ के कुल आबंटन में से ₹3246.16 करोड़ के केंद्रीय शेयर वाली योजनाओं/परियोजनाओं को अनुमोदन दे दिया गया है तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 31.12.2014 तक ₹2351.15 करोड़ निर्मुक्त किए गए हैं। राज्य–वार ब्यौरा **अनुलग्नक–VI** पर है।

(ख) **<u>वास्तविक प्रगतिः</u>** 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, एमएसडीपी के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं की कुल संख्या में अग्रलिखित शामिल है। इंदिरा आवास योजना के मकान –35501, स्वास्थ्य केंद्र–1265, आंगनवाड़ी केंद्र–6970, हैंड पम्प–11841, पेयजल सुविधा–9892, अतिरिक्त कक्षा–कक्ष–7070, स्कूल भवन–520, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान–72, पोलिटेक्निक संस्थान–14, छात्रावास–449, मुफ्त साईकिल–10860, साईबर ग्राम–170005 तथा कौशल प्रशिक्षण–124985। राज्य–वार ब्यौरा **अनुलग्नक–VII** पर है।

अध्याय–3

मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना

3.1 अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना को 30 जनवरी, 2008 को स्वीकृति मिली थी। यह योजना 1 अप्रैल, 2008 से केन्द्र और राज्य के मध्य 75:25 के अनुपात में वित्तीय भागीदारी से एक केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत संघ राज्य क्षेत्रों को 100% केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2014–15 से मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना 100% केंद्रीय निधियन के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है। इस योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से होता है। मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पात्र छात्रों को पिछली परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए होने चाहिए तथा उनके माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रुपए ₹1.00 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3.2 बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) के दौरान 414.50 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान करने और नवीकरण हेतु ₹5000 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित की गई हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान (31 दिसम्बर, 2014 तक) ₹1040.11 करोड़ की राशि जारी की गई तथा 64.73 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। इसमें से 51.03% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए थीं।

3.3 मंत्रालय का यह सतत प्रयास रहा है कि छात्रवृत्ति योजनाओं में पारदर्शिता की स्थिति में सुधार लाया जाए। इस प्रयोजन के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रत्येक छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों और उनके उत्तरों को अपलोड कर दिया गया है। इसी प्रकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रदान की गयी छात्रवृत्तियों की सूची को उनकी वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वेबसाइटों को मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in से जोड़ा गया है। मंत्रालय की वेबसाइट पर सूचनाओं को नियमित तौर पर अद्यतन किया जाता है। छात्रों की सहायतार्थ एक हेल्पलाइन की व्यवस्था की गयी है, जो कार्य दिवसों के दिन कार्य करती है।

3.4 इस योजना के तहत राज्य–वार एवं समुदाय–वार वास्तविक एवं वित्तीय उपलब्धियों के ब्यौरे **अनुलग्नक–VIII** पर देखी जा सकते हैं।

अध्याय–4

मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना

4.1 अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत नवम्बर, 2007 में 100% केन्द्रीय वित्तीय सहायता वाली केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में हुई थीं और यह राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। वर्ष 2014–15 से मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है। यह छात्रवृत्ति केवल भारत में सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल/कॉलेज तथा आवासीय सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल/कॉलेज तथा संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन द्वारा पारदर्शी ढंग से अधिसूचित चुनिंदा एवं पात्र निजी संस्थानों में अध्ययन के लिए दी जाती है। पिछली अंतिम परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए ऐसे छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं जिनके माता–पिता/संरक्षकों की वार्षिक आय ₹2 लाख से अधिक न हो। 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित की गई हैं। यदि पर्याप्त संख्या में छात्राएं उपलब्ध नहीं होती हैं, तो छात्रवृत्तियां पात्र छात्रों को प्रदान कर दी जाती हैं।

4.2 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) की योजना अवधि के दौरान 25 लाख नई छात्रवृत्तियां प्रदान करने और नवीकरण के लिए ₹2850.00 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2013–14 (31.12.2014 तक) के दौरान, 95506 छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए ₹56.46 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है।

4.3 राज्य–वार वास्तविक एवं वित्तीय दोनों लक्ष्यों और उपलब्धियों के ब्यौरे **अनुलग्नक–IX** पर हैं।

अध्याय–5

मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना

5.1 मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जो वर्ष 2007 में शुरू की गयी थी। इसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से किया जा रहा है। इसका संपूर्ण व्यय केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। वर्ष 2014–15 से मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है। उपयुक्त प्राधिकरण से मान्यता–प्राप्त संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वालों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत, प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्तियों के नवीकरण के अतिरिक्त 60,000 नई छात्रवृत्तियां प्रदान करने का प्रस्ताव है।

5.2 इन छात्रवृत्तियों में से 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। पर्याप्त संख्या में पात्र छात्राओं के अनुपलब्ध होने पर इनका उपयोग छात्रों द्वारा किया जा सकता है।

5.3 इस योजना के तहत व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए 85 संस्थानों को सूचीबद्ध किया गया है। इन संस्थानों में प्रवेश प्राप्त अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र छात्रों को पूरे पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है। अन्य संस्थानों में अध्ययन कर रहे छात्रों को ₹20,000/- वार्षिक की दर से पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है।

5.4 छात्रवृत्ति प्राप्ति के लिए पात्रता यह है कि छात्र को उपयुक्त प्राधिकरण से मान्यताप्राप्त किसी भी तकनीकी अथवा व्यावसायिक संस्थान में प्रवेश लिया होना चाहिए। यदि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा दिए बिना प्रवेश मिल गया हो तो उन्हें 50% से कम अंक अर्जित किया हुआ नहीं होना चाहिए। परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय ₹2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5.5 राज्य–वार, वास्तविक और वित्तीय दोनों लक्ष्य और उपलब्धियां **अनुलग्नक–X** पर हैं।

अध्याय 6

मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति

6.1 अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति को अनुमोदन 1 अगस्त, 2009 को मिला था। इस योजना को 11 अप्रैल, 2009 को केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तौर पर प्रारंभ किया गया था। इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत 100% केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति का उद्देश्य, केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को उच्चतर शिक्षा जैसे कि एम. फिल और पीएच.डी. जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में एकीकृत पांच वर्षीय अध्येतावृत्तियां उपलब्ध करवाना है। अध्येतावृत्ति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त सभी विश्वविद्यालय/संस्थान शामिल है। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के अंतर्गत अध्येतावृत्ति, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अनुसंधान छात्रों को नियमित और पूर्ण कालिक एम0फिल और पीएच0डी0 करने के लिए दी जाने वाली अध्येतावृत्ति के परिमान पर आधारित है। जेआरएफ/एसआरएफ के पुरस्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु पूर्व–एम0फिल और पूर्व–पीएच0डी0 चरणों पर यूजीसी के प्रतिमानक, क्रमशः, स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना शामिल है, लागू होंगें। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति हेतु अभ्यर्थी के माता–पिता/अभिभावकों की आय सीमा ₹2.5 लाख प्रति वर्ष होगी।

6.2 योजनावधि (2012–17) के दौरान 12वीं पंचवर्षीय योजना में 3780 नई अध्येतावृत्तियों और नवीकरण प्रदान करने के लिए ₹430 करोड़ का परिव्यय उपलब्ध करवाया गया है। अध्येतावृत्तियों का 30% छात्राओं के लिए निर्धारित है। वर्ष 2012–13 के दौरान 66.00 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी और 754 नई अध्येतावृत्तियां प्रदान की गई थी। वर्ष 2013–14 के दौरान नवीकरणों के साथ–साथ अल्पसंख्यक समुदाय को 756 नई अध्येतावृत्तियों के लिए 50.00 करोड़ रुपए जारी किए गए थे। है। वर्ष 2014–15 के दौरान 756 नई अध्येतावृत्तियां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में प्रक्रियाधीन है।

6.3 अध्येतावृत्ति योजना में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मंत्रालय निरंतर प्रयासरत रहा है। इस उद्देश्य हेतु अध्येतावृत्ति योजना से संबंधित बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्न और आनलाईन आवेदन करने में मदद, यूजीसी की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। इसी तरह, यूजीसी द्वारा प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की सूची इसकी वेबसाइट अर्थात www.ugc.ac.in पर अपलोड की जा रही है।

अध्याय–7

नया सवेरा – निःशुल्क कोचिंग एवं सम्बद्ध योजना

7.1 अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों के लिए "निःशुल्क कोचिंग एवं सम्बद्ध योजना" नामक योजना इस मंत्रालय द्वारा दिनांक 17.7.2007 से शुरू की गयी। इस योजना के दायरे को व्यापक बनाने के लिए इसे दिनांक 16.10.2008 से संशोधित किया गया था और नए संघटक शामिल किए गए थे।

7.2 इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों और अभ्यर्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करना है ताकि वे सरकारी क्षेत्र/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकें तथा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ख्यातिप्राप्त संस्थानों में प्रवेश पा सकें।

7.3 इस योजना के अंतर्गत कोचिंग कार्यक्रम प्रदान करने वाले केंद्रीय/राज्य/निजी विश्वविद्यालयों, पंजीकृत सोसाइटियों, ट्रस्टों, पंजीकृत कंपनियों, सहभागी फर्मों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

7.4 इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी/विद्यार्थियों का संबंध अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों अर्थात् मुस्लिमों, ईसाइयों, सिक्खों, बौद्धों, जैन और पारसियों से होना चाहिए। उनके माता–पिता/अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹3.00 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। छात्रों/अभ्यर्थियों के पास उस पाठ्यक्रम के लिए अपेक्षित शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए, जिस पाठ्यक्रम की कोचिंग वह लेना चाहता/चाहती है।

नया संघटक

7.5 निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना के अंतर्गत एक नया संघटक विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान और/अथवा गणित) के साथ 11वीं और 12वीं कक्षाओं में अल्पसंख्यक छात्रों की अभिकेंद्रित तैयारी के लिए वर्ष 2013–14 से जोड़ा गया है। यह योजना प्रायोगिक आधार पर 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों अर्थात् उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश तथा दिल्ली में शुरू की गई है। वर्ष 2014–15 हेतु वास्तविक लक्ष्य 1500 विद्यार्थी हैं। योजना के दिशानिर्देशों और निधियों की उपलब्धता के अनुसार बाद के वर्षों में और अधिक राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। इस योजना का संघटक बालकों और बालिकाओं के लिए अलग–अलग छात्रावास की सुविधा से युक्त और विज्ञान की 11वीं तथा 12वीं कक्षाओं को नियमित रूप से चलाने वाले तथा सीबीएससी/आईसीएससी अथवा राज्य शिक्षा बोर्डों से संबद्ध स्कूलों/कॉलेजों/संस्थानों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है।

7.6 इस योजना के अंतर्गत, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–12) में 24,760 छात्रों/अभ्यर्थियों को परिधि में लेने के लिए ₹63 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया था। इसके विपरीत 11वीं योजना के दौरान उपलब्धि 27876 छात्रों/अभ्यर्थियों के लिए ₹54.60 करोड़ थी। वर्ष 2012–13 के दौरान, 6716 अभ्यर्थियों को कोचिंग प्रदान करने के लिए 83 कोचिंग संस्थानों को 13.99 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। वित्तीय वर्ष 2013–14 में 9997 अभ्यर्थियों को कोचिंग प्रदान करने के लिए 116 कोचिंग संस्थानों को 23.66 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। इसमें 400 छात्रों के लिए विज्ञान विषयों के साथ 11वीं और 12वीं कक्षाओं में अभिकेंद्रित तैयारी कराने के लिए दो संस्थानों को सहायता अनुदान जारी किया जाना भी शामिल है। वित्तीय वर्ष 2014–15 में 6314 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए (31.12.2014 तक) 83 कोचिंग संस्थानों को 23.48 करोड़ रु0 जारी किए गए थे।

7.7 इस योजना से संबंधित सूचनाएं इस मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

7.8 कोचिंग के प्रकार और प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का ब्यौरा नीचे तालिका में है:–

क्र. सं.	कोचिंग/प्रशिक्षण/सुधारात्मक कोचिंग के प्रकार	कोचिंग/प्रशिक्षण/सुधारात्मक कोचिंग शुल्क	प्रतिमाह वृत्तिका राशि
1.	ग्रुप 'क' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹20,000/- के अध्यधीन।	बाहरी अभ्यर्थियों के लिए ₹3000/- और स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए ₹1500/-
2.	ग्रुप 'ख' और 'ग' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹15,000/- के अध्यधीन।	–– तदैव ––
3.	तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹20,000/- के अध्यधीन।	–– तदैव ––
4.	निजी क्षेत्र में नौकरियों के लिए कोचिंग	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹20,000/- के अध्यधीन।	–– तदैव –
5.	नए संघटक विज्ञान के साथ 11वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए अभिकेंद्रित तैयारी	प्रति अभ्यर्थि प्रति वर्ष ₹1 लाख की अधिकतम सीमा के अध्यधीन।	लागू नहीं

अध्याय–8

नई उड़ान

संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोगों इत्यादि द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले अल्पसंख्यक छात्रों हेतु सहायता की योजना

8.1 इस योजना का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है ताकि वे संघ तथा राज्य सरकारों की सिविल सेवाओं में नियुक्ति के लिए प्रतिस्पर्धा करने में पर्याप्त रुप से सक्षम हो सकें तथा ग्रुप 'ए' तथा 'बी' (संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी); राज्य लोक सेवा आयोगों (एसपीएससी) तथा कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) इत्यादि के राजपत्रित एवं गैर–राजपत्रित पद) की प्रारंभिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता देते हुए सिविल सेवाओं में अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व को बढ़ाना है।

8.2 अभ्यर्थियों की सभी स्रोतों से कुल परिवारिक आय, प्रति वर्ष 4.5 लाख रु0 से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा इस वित्तीय सहायता का लाभ केवल एक बार ही लिया जा सकता है। अभ्यर्थी केंद्र अथवा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की किसी अन्य समान योजना से लाभ प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा।

8.3 प्रत्येक वर्ष योजना के अंतर्गत देश भर में अधिकतम 800 अभ्यर्थियो को पात्रता मापदंड प्राप्त करने पर तब तक आर्थिक सहायता दी जाएगी। अभ्यर्थियों का चयन किसी विशिष्ट समुदाय के लिए उपलब्ध स्लॉट्स की सीमित संख्या के मामले में मैरिट के आधार पर किया जाएगा। आर्थिक सहायता की दर अधिकतम पचास हजार रुपए (50,000 रु0 राजपत्रित पद के लिएः तथा 25,000 रु0 अराजपत्रित पद के लिए) केवल होगी। यह आर्थिक सहायता उन अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों के लिए होगी, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग; कर्मचारी चयन आयोग; अथवा राज्य लोक सेवा आयोगों इत्यादि द्वारा आयोजित ग्रुप 'क' तथा 'ख' सीविल सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की है।

8.4 वर्ष 2013–14 के दौरान, उन 483 अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए लगभग 1,94.75 लाख रुपए जारी किए गए थे जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग और राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाएं उत्तीर्ण की थी।

8.5 वर्ष 2014–15 के दौरान, 547 अभ्यर्थियों को जिन्होंने यूपीएससी/एसएससी और राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की थी को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए 1.80 करोड़ रु0 जारी किए गए थे। वर्ष 2014–15 के लिए बजट आबंटन 4.00 करोड़ रु0 है। वर्ष 2014–15 के लिए वास्तविक लक्ष्य 800 अभ्यर्थी हैं।

अध्याय–9

पढ़ो परदेश

अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित विद्यार्थियों के लिए विदेश में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋण पर ब्याज इमदाद की योजना

9.1 इस योजना का उद्देश्य अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों से संबंधित मेधावी छात्रों को ब्याज इमदाद प्रदान करना है ताकि उनको विदेश में उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिए जा सकें और उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि की जा सके। इस योजना के अंतर्गत ब्याज इमदाद पात्र छात्रों को एक बार के लिए ही या तो स्नातकोत्तर, अथवा पीएच.डी स्तरों के लिए प्रदान की जाएगी। छात्र ने पाठ्यक्रमों के लिए विदेश में स्नातकोत्तर, एम.फिल अथवा पीएच.डी स्तरों पर अनुमोदित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया होना चाहिए। पात्र होने के लिए, नियोजित अभ्यर्थियों अथवा बेरोजगार अभ्यर्थियों के मामले में उसके/उसकी माता–पिताओं/अभिभावकों की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 6.00 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत, एक परिवार के एक लाभार्थी एक पाठ्यक्रम हेतु लाभ उठा सकता है। इस योजना के अंतर्गत 30% लाभ महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा।

9.2 ऋण स्थगन अवधि के दौरान (अर्थात पाठ्यक्रम अवधि जमा एक वर्ष अथवा नौकरी मिलने के पश्चात छः माह, जो भी पहले हो) जैसा कि आईबीए की शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत निर्धारित है, आईबीए के शिक्षा ऋणों का लाभ उठाने वाले छात्रों द्वारा भुगतेय ब्याज का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। ऋण स्थगन अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात, बकाया ऋण राशि पर ब्याज का वहन छात्र द्वारा मौजूदा शिक्षा ऋण योजना के अनुसार, जिसमें समय–समय पर संशोधन किया जाएगा, भुगतान किया जाएगा। अभ्यार्थी ऋण स्थगन अवधि के बाद मूल किस्तों और ब्याज वहन करेगा।

9.3 वर्ष 2014–15 के दौरान 573 अभ्यर्थियों (31.12.2014 तक) हेतु नोडल बैंकों को ब्याज इमदाद के लिए 3.50 करोड़ रु0 जारी किए गए हैं। वर्ष 2014–15 के लिए बजट आबंटन 4.00 करोड़ रु0 है। वर्ष 2014–15 के लिए वास्तविक लक्ष्य 100 अभ्यर्थी हैं।

अध्याय–10

अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना

10.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने वर्ष 2012–13 से एक नई योजना ''नई रौशनी'' का कार्यान्वयन आरंभ किया है। इस योजना का उद्देश्य सभी स्तर पर सरकारी तंत्रों, बैंकों एवं अन्य संस्थानों के साथ संपर्क करने हेतु जानकारी, उपकरण एवं विधियां उपलब्ध कराते हुए उसी गांव/मुहल्ले में रहने वाली अन्य समुदायों की पड़ोसनों सहित अल्पसंख्यक महिलाओं का सशक्तीकरण करना तथा उनमें विश्वास जगाना है।

10.2 नेतृत्व प्रशिक्षण मॉड्यूल में अनिवार्य रूप से संविधान और विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत महिला के अधिकारों, शिक्षा संबंधी, रोजगार, जीविका आदि को निरपवाद रूप से कवर करता है; केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आरोग्य, परिवार नियोजन, बिमारी नियंत्रण, उचित दर की दुकान, पेय–जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, साफ–सफाई, आवास, स्व–रोजगार, मजदूरी, कौशल प्रशिक्षण अवसर, महिलाओं के विरुद्ध अपराध आदि से संबंधित सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध हैं।

10.3 यह योजना गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है।

10.4 वर्ष 2014–15 के दौरान, मंत्रालय का लक्ष्य 40,000 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का है जिस पर 14.00 करोड़ रुपए व्यय किए जाने हैं। दिनांक 31.12.2014 तक, 26 राज्यों में 68,225 महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 11.73 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है।

आरंभ किए गए महिला प्रशिक्षण के नए बैंचों और एनजीओ की दी गई निधियों के राज्य–वार ब्यौरे **अनुलग्नक–XI** पर हैं।

वर्ष 2014–15 के दौरान जारी की गई निधियों की विभिन्न किस्तों के राज्य–वार और एनजीओ–वार ब्यौरे **अनुलग्नक–XII** पर हैं।

दिनांक 31.12.2014 तक के लिए बजट अनुमान, संशोधित अनुमान और अब तक जारी निधियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैः

(करोड़ रुपए में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय (31.12.2014 तक)
2014–15	14.00		11.73

अध्याय–11

प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं का अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन

11.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन की केन्द्रीय क्षेत्र योजना के तहत उन संस्थानों/संगठनों को व्यावसायिक प्रभार प्रदान करता है जिन्हें विशेषज्ञता प्राप्त है और आधारभूत सर्वेक्षण/सर्वेक्षणों सहित अधिसूचित अल्पसंख्यकों की समस्याओं, मुद्दों और अपेक्षाओं पर प्रवीणता एवं उद्देश्यपूर्ण अध्ययन करने तथा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समवर्ती निगरानी करने के इच्छुक हैं। संगठनों को कार्यशाला/सेमिनार/सम्मेलन आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है बशर्ते कि कार्यशाला/सेमिनार/सम्मेलन के विषय का मंत्रालय के अधिदेश से प्रत्यक्ष संबंध हो। इस योजना के तहत अधिसूचित अल्पसंख्यकों के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रमों, योजनाओं एवं पहलों के संबंध में जागरूकता लाने हेतु सूचनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, बाह्य प्रचार सहित मल्टी–मीडिया अभियान को भी कवर किया जाता है।

11.2 वर्ष 2014–15 के दौरान, विभिन्न राज्यों में जागरुकता मुद्दों से संबंधित 150 कार्यशालाओं/सेमिनारों के लिए वित्तपोषण किया गया है (31.12.2014 तक) **(अनुलग्नक.XIII)**।

11.3 अनुसंधान और विकास पहल (आरडीआई), नई दिल्ली द्वारा 'मैट्रिक–पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्तियों का मूल्यांकन और प्रभाव आकलन' पर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है।

11.4 "अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास योजना का आधारभूत सर्वेक्षण" और "भारत में अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना के मूल्यांकन और प्रभावी अनुमान" की अंतिम रिपोर्ट हाई–टेक इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फोरमेंशन टेक्नॉलोजी (एचआईआईटी) लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत कर दी गई है।

11.5 मंत्रालय पूरे वर्ष नियमित रूप से मल्टी–मीडिया अभियान चलाता रहा है। वर्ष 2014–15 के दौरान, डीएवीपी के माध्यम से विज्ञापन जारी किए गए हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान, जारी प्रिंट विज्ञापनों की भाषाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

भाषा	2014–15 (31–12–2014 तक)
हिंदी	235
अंग्रेजी	150

उर्दू	306
देशज भाषाएं	113
योग	**804**

- योजनाओं/कार्यक्रमों के बाह्य प्रचार के लिए, मंत्रालय 1 से 15 फरवरी, 2015 तक आयोजित होने वाले सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला, 2015 में भागीदारी कर रहा है। मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न भागों से स्व–सहायता समूहों (एसएचजी) के उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 50 दुकाने बुक किए गए हैं। मंत्रालय के योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे में सूचना भी मेला के दौरान प्रसारित की जाएंगी।

- त्रैमासिक त्रिभाषी (हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू) मैंगजीन "माईनॉरिटी टूडे" के दूसरे अंक का प्रकाशन किया गया है। सार्वजनिक अवलोकन हेतु मैंगजीन की ई–रूपांतर भी मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

- मंत्रालय के क्रियाकलापों और उपलब्धियों के बारे में एक ई–बुक भी तैयार की गई है और मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

- वर्ष 2014–15 के दौरान (31.12.2014 तक) जारी निधियों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:–

शीर्ष	आबंटन	व्यय
मीडिया	39.50	19.22
अनुसंधान	5.50	2.24
योग	**45.00**	**21.46**

प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए योजना

वर्ष 2014–15 के दौरान विभिन्न एजेंसियों/संगठनों को निर्मुक्त निधियों के ब्यौरे

क्रम सं0	घटक	एजेंसी/संगठन के नाम	उद्देश्य	स्थान	निर्मुक्त धनराशि ₹ में
1	**मीडिया**	विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय	प्रिंट विज्ञापन; मल्टी मीडिया अभियान,	पूरे भारत में	10,00,00,000/–

2		ऑल इंडिया रेडियो (भारतीय प्रसारण निगम)	योजनाओं/कार्यक्रमों पर जिंगल्स और ऑडियो स्पॉट प्रसारण	पूरे भारत में	3,56,00,000/–
3		दूरदर्शन (भारतीय प्रसारण निगम)	योजनाओं/कार्यक्रमों पर टीवी कमिर्शियल/वीडियो स्पॉट्स	पूरे भारत में	3,25,00,000/–
4		राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी)	वीडियो स्पॉट्स, रेडियो जिंगल्स आदि को डब करना तथा तैयार करना	–	1,52,89,949/–
5		के. एस. एन्टरप्राईसेस	(क) मंत्रालय की उपलब्धियों और पुस्तिकाओं का मुद्रण। (ख) संग्रह का मुद्रण	–	9,79,008/– 8,32,702/–
6		एनएमडीएफसी	(i) माइनॉरिटी साइबर ग्राम (ii) सुरजकुंड क्राफ्ट मेला, 2015 में भागीदारी	–	12,75,000/– 56,18,000/–
	सकल योग	**–**	**–**	**–**	**19,20,94,659/–**

अध्याय–12

पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन

12.1 मंत्रालय को वर्ष 2014–15 के बजट अनुमान में विभिन्न योजनागत स्कीमों के लिए ₹3,711 करोड़ आबंटित किए गए, जिसे वर्ष 2014–15 के संशोधित अनुमान में घटाकर ₹3,140 करोड़ कर दिया गया था।

पूर्वोत्तर राज्यों तथा सिक्किम के लिए योजना–वार निर्धारित धनराशि के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:–

क्रम सं.	योजनाओं के नाम	निर्धारित राशि (करोड़ ₹ में)	
		बजट अनुमान 2014–15	संशोधित अनुमान 2014–15
1.	अल्पसंख्यकों के लिए निःशुल्क कोचिंग और सम्बद्ध योजनाएं	2.50	2.50
2.	एनएमडीएफसी के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में लगी राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों को सहायता–अनुदान	0.20	0.20
3.	प्रचार सहित विकास योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन निगरानी और मूल्यांकन की योजना (व्यावसायिक सेवा)	0.30	0.2750
4.	अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	5.00	0.10
5.	राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण	0.30	0.30
6.	अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना	1.50	1.50
7.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना	110.00	113.00
8.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	60.00	60.00
9.	अल्पसंख्यकों के लिए बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम	138.00	62.05
10.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक तथा तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मैरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति	33.00	33.00
11.	एनएमडीएफसी की इक्विटी में अंशदान	12.00	3.00
12.	विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋणों पर ब्याज सहायता	0.40	0.00
13.	कौशल विकास संबंधी पहलें	4.00	4.6230
14.	संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सहायता	0.40	0.40
15.	राज्य वक्फ बोर्डों का सुदृढ़ीकरण	0.70	0.40
16.	मौलाना आजाद चिकित्सा सहायता	0.20	0.00
	योग	**368.50**	**281.348**

अध्याय–13

अल्पसंख्यकों हेतु कौशल विकास पहल

13.1 मंत्रालय ने वर्ष 2013–14 से "सीखो और कमाओ (Learn & Earn)", ब्रांड नाम से एक कौशल विकास कार्यक्रम की शुरूआत की है। योजना विभिन्न आधुनिक/पारंपरिक व्यवसायों में उसकी शैक्षणिक योग्यता, मौजूदा आर्थिक रूझान एवं बाजार की क्षमता के आधार पर अल्पसंख्यक युवाओं के कौशलों का उन्नयन करेगी, जिससे उन्हें उचित रोजगार मिलेगा अथवा वे स्व–रोजगार के लिए उपयुक्त रूप से कुशल हो सकेंगे।

13.2 योजना के अंतर्गत, व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीटी) द्वारा अनुमोदित मॉड्यूलर रोजगार योग्य कौशलों (एमईएस) पर कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा किए जा रहे पारंपरिक कौशलों का भी विकास किया जाएगा और उन्हें बाजार से जोड़ा जाएगा।

13.3 यह योजना पैनल में शामिल पच्चास (50) चयनित परियोजना क्रियान्वयन एजेसियों (पीआईए) के माध्यम से विभिन्न राज्यों में क्रियान्वित की जा रही है।

13.4 पीआईए से अपेक्षा की जाती है कि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों में से कम से कम 75% का प्लेसमेंट करें और उनमें से कम से कम 50% प्लेसमेंट संगठित क्षेत्र में होना चाहिए। पीआईए प्रशिक्षण के अंत में सफल पशिक्षणार्थियों के लिए नौकरी पत्र भी सुनिश्चित करेगा। न्यूनतम 30% सीटें अल्पसंख्यक बालिकाओं/महिलाओं के लिए आरक्षित है।

13.5 परियोजना कार्यान्वित एजेंसियों के लिए प्रशिक्षित अल्पसंख्यक युवाओं को 1 (एक) वर्ष का प्लेसमेंट पश्चात सहयोग देना अनिवार्य है।

13.6 वर्ष 2013–14 के दौरान मंत्रालय ने 100% लक्ष्य प्राप्त किया है और 17.00 करोड़ रु0 के साथ 20,164 अल्पसंख्यक युवाओं के प्रशिक्षण के लिए पीआईए को मंजूरी प्रदान की है।

13.7 वर्ष 2014–15 के दौरान, मंत्रालय ने अब तक पीआईए को 16,270 अल्पसंख्यक युवाओं के प्रशिक्षण हेतु 34.68 करोड़ रु0 जारी किए हैं।

13.8 संस्वीकृत प्रशिक्षणार्थियों और जारी की गई निधि के राज्य–वार ब्यौरे **अनुलग्नक–XIV** पर हैं।

अध्याय–14

भारत में पारसियों की कम होती जनसंख्या को रोकने की योजना

14.1 भारत में पारसियों की जनसंख्या 1941 में 1,14,000 थी जो 2001 की जनगणना के अनुसार कम होकर 69,001 रह गई है। जनसंख्या में कमी के महत्वपूर्ण कारणों में से है देर से विवाह करना और विवाह नहीं करना, प्रजनन क्षमता में कमी, उत्प्रवास, वाह्य–विवाह और संबंध विच्छेद तथा तलाक है।

14.2 पारसी समुदाय के सदस्यों के गिरते रुझान को रोकने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की मांग थी और भारत सरकार ने पारसी जनसंख्या के गिरते रुझान को रोकने तथा उनकी जनसंख्या को न्यूनतम स्तर से ऊपर लाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप को जरूरी समझा।

14.3 इसलिए, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा 2013 को भारत में पारसियों की कम होती जनसंख्या को रोकने के लिए एक नई महत्वपूर्ण योजना ''जियो पारसी'' ब्रांड नाम से आरंभ की गई। इस योजना का उद्देश्य वैज्ञानिक नवाचार और ढ़ांचागत हस्तक्षेप अपनाकर पारसी आबादी के गिरते रुख को उलटना और उनकी जनसंख्या को बनाए रखना तथा भारत में पारसियों की जनसंख्या बढ़ाना है।

14.4 100% निधियन के साथ यह योजना केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इस योजना के लिए 10 करोड़ रु0 अर्थात् 12वीं योजना अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए 2 करोड़ रु0 का परिव्यय है। इस योजना का कार्यान्वयन स्थानीय अंजुमनों और पारसी समुदाय की पंचायतों के परामर्श के साथ पारजोर फाउंडेशन और बॉम्बे पारसी पंचायत के माध्यम से किया जाता है।

14.5 लक्षित समूह वह दंपत्ति है, जो शिशु उत्पन्न करने की आयु के हैं, जो योजना के अंतर्गत सहायता चाहते हैं और व्यस्क/युवा/युवती/किशोर/किशोरियों की बंध्यत्व उत्पन्न करने वाली बीमारियों की जांच की जाती है। (किशोरों/किशोरियों की जांच के लिए माता–पिता/कानूनी अभिभावकों की लिखित सहमति अनिवार्य है।)

14.6 घटती जनसंख्या को रोकने के लिए, द्विकोणीय दृष्टिकोण की संकल्पना है, अर्थात् (क) पक्षसमर्थन (ख) चिकित्सा सहायता। प्रत्येक लक्षित समूह के लिए मानक चिकित्सा नवाचार का अनुसरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के परामर्श से किया जाता है। मरीजों के नाम और पहचान संबंधी गोपनीयता को सर्वाधिक महत्व दिया जाता है।

14.7 वर्ष 2014–15 के दौरान, "जियो पारसी" योजना के अंतर्गत चिकित्सा सहायता के लिए 14,55,252/– रु0 जारी किए गए हैं तथा पक्ष समर्थन एवं आउटरीच कार्यक्रम के लिए 17,03,500/– रु0 जारी किए गए हैं।

अध्याय–15

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को सहायता–अनुदान की योजना

15.1 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) अपनी योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के माध्यम से करता है। ये एजेंसियां संबंधित राज्य सरकारों द्वारा नामित की जाती हैं। राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियां लाभार्थियों की पहचान, ऋणों को सूत्रबद्ध और लाभार्थियों से वसूली का कार्य करती हैं। तथापि, अधिकांश राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों की अवसंरचना बहुत कमजोर है, जिससे उनकी प्रदानगी प्रणाली भी कमजोर है। फलस्वरूप, एनएमडीएफसी के कार्य का विस्तार और कार्य निष्पादन में सुधार तब तक नहीं हो सकता जब तक इन एजेंसियों की अवसंरचना में सुधार न लाया जाए।

15.2 मंत्रालय ने वर्ष 2007–08 के दौरान राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों की अवसंरचना की स्थिति में सुधार के लिए उन्हें सहायता अनुदान देने की योजना शुरू की थी। यह योजना 12वीं योजना अवधि के लिए संशोधित की गई है। पहले इस योजना के अंतर्गत सहायता समान आधार पर थी, केंद्र और राज्य सरकार 90:10 के अनुपात में अंशदान करती थी लेकिन संशोधित योजना के अनुसार, 10% राज्य का हिस्सा समाप्त कर दिया गया है और यह योजना 100% केंद्रीय क्षेत्र की योजना बना दी गई है। योजना के विभिन्न संगठनों पर व्यय की सीलिंग/सीमा को हटा दिया गया है क्योंकि यह एससीए द्वारा निधियों के उपयोग में मुख्य बाधा बन रहा था। सहायता के मानदंड जो पहले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की अल्पसंख्यक आबादी से जुड़े थे उनमें संशोधन किया गया है और संशोधित योजना में, सहायता अनुदान उन एससीए को प्रदान की जाती है, जो अच्छा कार्य निष्पादन कर रहे हैं। मंत्रालय द्वारा इस योजना के लिए आबंटित और निर्मुक्त राशि के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

करोड़ रुपए में

वर्ष	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**इस मंत्रालय द्वारा जारी की गई राशि**
2007-08	10.00	10.00	10.00
2008-09	5.00	2.30	0.00
2009-10	2.00	2.00	2.00
2010-11	4.00	4.00	3.83
2011-12	2.00	2.00	1.35
2012-13	2.00	0.60	0.00
2013-14	2.00	2.00	2.00
2014-15	2.00	2.00	2.00

अध्याय–16

आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक

16.1 राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश के अनुसार संविधान (7वां संशोधन) अधिनियम, 1956 के परिणामस्वरूप, संविधान के अनुच्छेद 350–ख के प्रावधानों के अनुसरण में भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त (सीएलएम) के कार्यालय का गठन जुलाई, 1957 में हुआ था। अनुच्छेद 350–ख के अनुसार भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त का यह कर्तव्य होगा कि वे भारत में संविधान के अंतर्गत भाषायी अल्पसंख्यकों को प्रदत्त रक्षोपायों से संबंधित सभी मामलों की जांच करें और ऐसे अंतराल पर राष्ट्रपति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें जैसा कि राष्ट्रपति निर्देश दें और राष्ट्रपति ऐसी सभी रिपोर्टों को संसद के प्रत्येक सदन में रखवाएंगे और इन्हें संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, सरकारों/प्रशासनों को भी भिजवाएंगे। भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त का मुख्यालय इलाहाबाद में है, जिसके तीन क्षेत्रीय कार्यालय बेलगांव, चेन्नई और कोलकाता में हैं। भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त, भाषाजात अल्पसंख्यकों से संबंधित संवैधानिक उपबंधों और राष्ट्रीय स्तर पर तय रक्षोपायों के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रशासनों से संपर्क करते हैं। आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक की जुलाई, 2012 से जून, 2013 की अवधि के लिए 50वीं रिपोर्ट लोक सभा और राज्य सभा के पटल पर क्रमशः 14–08–2014 और 12–08–2014 को रखी गई थी।

16.2 भाषायी अल्पसंख्यकों के लिए संवैधानिक संरक्षोपाय

भारत के संविधान के अंतर्गत, धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को कतिपय संरक्षोपाय प्रदान किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 29 एवं 30 में अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण करने और उनकी भिन्न–भिन्न भाषाओं, लिपियों अथवा संस्कृतियों को संरक्षित रखने के उनके अधिकार को मान्यता देने तथा उनके विकल्प के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करने और चलाने की संकल्पना है। अनुच्छेद 347 में, किसी राज्य अथवा उसके किसी भाग की आबादी के पर्याप्त अनुपात द्वारा बोली जाने वाली किसी भाषा को, जैसा कि राष्ट्रपति द्वारा विनिर्दिष्ट हो, किसी भाषा की शासकीय मान्यता हेतु राष्ट्रपति के निदेश की व्यवस्था है। अनुच्छेद 350 संघ/राज्यों में प्रयुक्त किसी भाषाओं में संघ अथवा राज्य के किसी प्राधिकरण को शिकायतों के निवारण के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 350–क में भाषायी अल्पसंख्यक समूहों से संबधित बच्चों की शिक्षा के प्राथमिक चरण पर मातृभाषा में अनुदेश देने की व्यवस्था है। अनुच्छेद 350–ख संविधान के अंतर्गत भाषायी अल्पसंख्यक समूहों के लिए प्रावधान किए गए संरक्षोपाय से संबंधित सभी मामलों की जांच करने के लिए भाषायी अल्पसंख्यक समूहों हेतु आयुक्त के रूप में विनिर्दिष्ट एक विशेष अधिकारी का प्रावधान करता है।

अध्याय–17

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

17.1 भारत सरकार ने जनवरी, 1978 में, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए विशेष आदेश के माध्यम से ''अल्पसंख्यक आयोग'' गठित किया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के अधिनियमन के साथ ही अल्पसंख्यक आयोग एक सांविधिक निकाय बन गया और इसे पुनः ''राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग'' का नाम दिया गया।

17.2 प्रथम सांविधिक आयोग का गठन 17 मई 1993 को किया गया था। भारत सरकार ने 23 अक्तूबर, 1993 की अधिसूचना के माध्यम से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2 (ग) के तहत पाँच धार्मिक समुदायों अर्थात मुस्लिमों, ईसाईयों, सिक्खों, बौद्धों तथा पारसियों को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया था। भारत सरकार के दिनांक 27 जनवरी, 2014 की अधिसूचना द्वारा जैनों को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 1 (ग) के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के रूप में अधिसूचित किया गया है।

17.3 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 3(2) के अनुसार, आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और ख्यातिप्राप्त तथा योग्य और सत्यनिष्ठा वाले व्यक्तियों में से केन्द्र सरकार द्वारा नामित पांच सदस्य होंगे। अध्यक्ष सहित सभी 5 सदस्य अल्पसंख्यक समुदाय से होंगे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 4(1) के अनुसार अध्यक्ष सहित सभी सदस्य कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि तक पद पर बने रहेंगे।

17.4 आयोग के मुख्य कार्य अल्पसंख्यक वर्ग के विकास की प्रगति का मूल्यांकन करना, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए संविधान में उपबंधित और केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों द्वारा अधिनियमित विधियों में दिए गए रक्षोपायों के कार्यकरण को मॉनीटर करना और अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों और रक्षोपायों से वंचित करने के संबंध में प्राप्त विशेष शिकायतों की जांच करना है। यह आयोग अल्पसंख्यक वर्ग के सामाजिक–आर्थिक और शैक्षिक विकास से संबंधित मुद्दों पर अध्ययन, अनुसंधान और विश्लेषण भी करता है और अल्पसंख्यकों के हितों के रक्षोपायों के प्रभावी कार्यान्वयन की अनुशंसा भी करता है।

17.5 वर्तमान आयोग का गठन निम्नलिखित व्यक्तियों को शामिल करके किया गया है:–

1.	श्री नसीम अहमद	:	अध्यक्ष
2.	सुश्री माबेल रिबेलो	:	सदस्य
3.	प्रो0 फरीदा अब्दुल्ला खान	:	सदस्य
4.	श्री परवीण डावर	:	सदस्य

5.	श्री दादी ई. मिस्त्री	:	सदस्य
6.	श्री टी नमगयाल शानु	:	सदस्य
7.	डॉ0 अजायब सिंह	:	सदस्य

17.6 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 12 के अनुसार, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करता है और मंत्रालय को प्रस्तुत करता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 13 के अनुसार, आयोग की वार्षिक रिपोर्ट और इसमें उल्लिखित केन्द्र सरकार से संबंधित सिफारिशों पर की गई कार्रवाई का ज्ञापन, इन सिफारिशों में से किसी सिफारिश को स्वीकार न किए जाने के कारणों सहित, यदि कोई हों, संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जानी होती है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 9 (3) के अनुसार, विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों से संबंधित सिफारिशों को उन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जाता है।

17.7 दिनांक 31 दिसम्बर, 2013 तक पूर्ववर्ती अल्पसंख्यक आयोग की 1978–79 से 1992–93 तक की चौदह (14) वार्षिक रिपोर्टें और सांविधिक आयोग की वर्ष 1993–94 से 2010–11 तक की अठारह (18) रिपोर्टें संसद में प्रस्तुत की जा चुकी हैं। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की प्रथम तीन वार्षिक रिपोर्टों को इस मंत्रालय के गठन से पहले ही अनुवर्ती कार्रवाई ज्ञापन के साथ संसद के दोनों सदनों में रख दिया गया था। इस मंत्रालय के गठन के बाद की गई कार्रवाई ज्ञापन सहित 18 वार्षिक रिपोर्टों को उनमें की गई अनुशंसाओं के साथ संसद में रखा गया था।

17.8 आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों ने सांविधिक राज्य अल्पसंख्यक आयोगों का गठन कर लिया है। पंजाब और केरल की राज्य सरकारों ने गैर–सांविधिक आयोगों का गठन किया है। मंत्रालय ने शेष राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों से इन आयोगों का गठन करने का भी अनुरोध किया है।

अध्याय–18

वक़्फ प्रशासन, केंद्रीय वक़्फ परिषद् एवं राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम

18.1 वक़्फ अधिनियम, 1995

वक़्फ अधिनियम, 1995 जो 1 जनवरी, 1996 से लागू हुआ, औक़ाफ के प्रशासन को बेहतर बनाने के लिए जम्मू कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में लागू है। औक़ाफ (वक़्फ संपत्तियां/परिसंपत्तियां) के प्रभावी प्रशासन पर और अधिक बल देने, औक़ाफ के बेहतर संरक्षण, प्रबंधन एवं विकास के लिए 2013 में अधिनियम में संशोधन किए गए। संशोधित उपबंध 1 नवम्बर, 2013 से लागू हो गए हैं। केंद्रीय वक़्फ परिषद् (सीडब्ल्यूसी) को देश में वक़्फ बोर्डों के क्रियाकलापों को नियंत्रित/मॉनीटर करने के लिए और शक्तियां दी गई हैं। बोर्ड की पूर्व स्वीकृति के बिना चल एवं अचल वक़्फ संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए सज़ा को और कठोर कर दिया गया है। अपराध को संज्ञेय और गैर–ज़मानती अपराध बना दिया गया है। वक़्फ संपत्तियों के हस्तांतरण को रोकने के लिए वक़्फ संपत्तियों की 'बिक्री', 'उपहार', 'गिरवी', 'विनिमय' एवं 'हस्तांतरण' को प्रतिबंधित कर दिया गया है। राज्य सरकार के अनुमोदन से वाणिज्यिक क्रियाकलापों, शिक्षा अथवा स्वास्थ्य के प्रयोजनार्थ तीस वर्षों की अवधि के लिए वक़्फ संपत्तियों की 'पट्टेदारी' की अनुमति दे दी गई है।

18.2 योजनागत एवं योजनेतर योजनाओं का कार्यान्वयन

(i) राज्य वक़्फ बोर्डो के रिकार्डो के कम्पयूटरीकरण हेतु योजनागत योजनाः

वक़्फ संबंधी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने उनकी 9वीं रिपोर्ट की सिफारिश पर राज्य वक़्फ बोर्डों के रिकार्डों के कम्पयूटरीकरण के लिए दिसम्बर, 2009 से योजनागत योजना आरंभ की गई थी।

योजना के मुख्य उद्देश्यों में रिकार्ड कीपिंग को सरल और कारगर बनाना, पारदर्शिता लाना तथा वक़्फ बोर्डों के कार्यों/प्रक्रिया का कम्प्यूटरीकरण करना है। भारत में वक़्फ प्रबंधन प्रणाली (डब्ल्यू ए एम एस आई (वामसी) लिए वेब आधारित एप्लीकेशन में अग्रलिखित शामिल हैं (क) संपत्ति पंजीकरण प्रणाली (ख) मुतवल्ली रिटर्नस प्रबंधन (ग) संपत्ति प्रबंध की पट्टेदारी तथा (घ) मुकद्दमा ट्रैकिंग प्रबंध मॉड्यूल्स योजना के अधीन प्रचालन में हैं।

कम्प्यूटरीकरण की योजना पूरे देश में समान रूप से लागू है। यह परियोजना नई प्रणाली को स्थिर करने तथा वक़्फ बोर्ड के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य वक़्फ बोर्डों द्वारा कुछ कम्प्यूटर कार्मिकों की सेवायें किराये पर लेने के लिए मामूली सी वित्तीय सहायता से 2 वर्षों की हैंड होल्डिंग सहायता अवधि को भी परिवेष्टित करती है। योजना की शुरूआत से राज्य वक़्फ बोर्डों, केंद्रीय वक़्फ परिषद् तथा एनआईसी को 19.18 करोड़ रुपये की

राशि निर्मुक्त की गई है जिसमें वर्ष 2014–15 के दौरान (31.12.2014 तक) 3.00 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। 27 राज्य वक़्फ बोर्डों में केंद्रीय कंप्यूटिंग सुविधा–केंद्र की स्थापना की गई है और आँकड़ों का इंदराज (डाटा एंट्री) प्रगति पर है। लगभग 3,56,237 वक़्फ संपत्तियों को केंद्रीय डाटाबेस में पंजीकृत किया गया है, 1,25,857 वक़्फ रिकार्डों के अंकीकरण की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। केंद्रीय वक़्फ परिषद् को योजना को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

(ii) **राज्य वक़्फ बोर्डो (एसडब्ल्यूबी) के सुदृढ़ीकरण की योजनागत योजनाः**

संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी नौवीं रिपोर्ट में अनुशंसा की थी कि राज्य वक़्फ बोर्डों को केंद्रीय वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए क्योंकि राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता का मौजूदा स्तर न केवल अपर्याप्त है अपितु विषम भी है। औक़ाफ के प्रशासन की प्राथमिक ज़िम्मेदारी राज्य सरकारों की है। राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार है कि राज्य वक़्फ बोर्ड प्रभावी ढंग से कार्य करें।

राज्य वक़्फ बोर्डों के सुदृढ़ीकरण हेतु योजनागत योजना, वक़्फ बोर्डों को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई है जिससे कि उनकी वक़्फ संपत्तियों का कुशल प्रशासन एवं प्रबंध हो तथा आय सृजन में सुधार हो जिससे आत्मनिर्भरता प्राप्त हो। इससे उन्हें अपने प्रवर्तन प्रकोष्ठ का सुदृढ़ीकरण करते हुए वक़्फ संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने में भी मदद मिलेगी। केंद्रीय सहायता 12वीं योजना अवधि, अर्थात् वह अवधि जिसके दौरान राज्य वक़्फ बोर्डों से अधिशेष आय सृजन के साथ आत्मनिर्भर होने की आशा की जाती है, के दौरान उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, ऐसी निधियां कुछ शर्तों के अध्यध्यीन उपलब्ध कराई जाएंगी जो यह सुनिश्चित करें कि राज्य वक़्फ बोर्डों के कार्यकरण तथा संस्थागत क्षमता से राज्य वक़्फ बोर्ड अपनी आय सृजन को बेहतर बना सकें और आत्मनिर्भर हो सकें। उनकी क्षमताओं में सुधार से उनकी आय में वृद्धि सरल हो सकेगी और इससे समय पाकर उनकी बाहरी वित्तीय सहायता पर निर्भरता समाप्त होगी। राष्ट्रीय वक़्फ विकास निगम लिमिटेड (नावाडको) को योजना को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अतएव्, मंत्रालय द्वारा नावाडको को केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी जो बदले में राज्य वक़्फ बोर्डों को निधियां जारी करेगा।

2014–15 के दौरान, नावाडको को 350.00 लाख रुपये की राशि निर्मुक्त की गई है जो योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है।

(iii) **शहरी वक़्फ संपत्तियों के विकास की योजना (योजनेतर):**

औक़ाफ तथा औक़ाफ बोर्डों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के मद्देनज़र, तथा उन्हें अपने कल्याण संबंधी क्रियाकलाप के क्षेत्र को बढ़ाने में सक्षम बनाने हेतु, केंद्र सरकार 1974–75 से केंद्रीय वक़्फ बोर्डों/वक़्फ संस्थानों को उनकी शहरी वक़्फ संपत्तियों के विकास के लिए वित्तीय सहायता अग्रिम में देने के विशिष्ट प्रयोजनार्थ सहायता अनुदान देती रही है।

केंद्रीय वक़्फ परिषद् राज्य वक़्फ बोर्डों/वक़्फ संस्थानों को परिषद् द्वारा अनुमोदित विशिष्ट आर्थिक रूप से/वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य विकास संबंधी परियोजनाओं हेतु ऋण उपलब्ध कराती है। इन परियोजनाओं में वक़्फ की भूमिकाओं पर वाणिज्यिक रूप से अर्धक्षम भवनों का निर्माण अथवा पुनर्निर्माण शामिल है। बढ़ी हुई आय का उपयोग वक़्फ बोर्डों /वक़्फ को अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने तथा अपने कल्याण एवं धर्मार्थ क्रियाकलापों का दायरा बढ़ाने के लिए समक्ष बनाने हेतु उपयोग की जाती है। समग्र प्रयोजन समाज की समूची प्रगति एवं विकास में योगदान देने के लिए आशयित है।

भारत सरकार ने 1974–75 से केंद्रीय वक़्फ परिषद् को 47.07 करोड़ रुपये की राशि का सहायता अनुदान जारी किया है जिसमें 2014–15 के दौरान (31.12.2014 तक) जारी किए गए 274.55 लाख रुपये शामिल हैं।

2014–15 के दौरान वक़्फ विकास संबंधी परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए केंद्रीय वक़्फ परिषद् को निर्मुक्त सहायता अनुदान निम्नानुसार हैः–

(लाख रुपये में)

क्र0सं0	**राज्य का नाम**	**राशि**
1.	कर्नाटक मिल्लत एजूकेशनल सोसायटी, चन्नागिरि की विकास परियोजना	27.00
2.	मिल्लत सोशल वेल्फेयर एंड एजूकेशन सोसायटी, बेटगेड़ी गदग की विकास परियोजना	47.00
3.	डॉ0 ज़ाकिर हुसैन कॉलोनी, मुस्लिम जमात, मुलगुंडा नाका, कदग की विकास परियोजना	15.00
4.	पुथुपल्ली शेख़ फरीद वलीउल्लाह माखम, मीनच्चिल, ईराटुपेट्टा, कोट्टायम की विकास परियोजना	56.50
5.	कोथिया पुथिया जमात पल्ली, तिरूर, मलप्पुरम की विकास परियोजना	56.00
6.	नुसराथुल इस्लाम संगम, महल्लू समिति, शोरानूर, पलक्कड़ की विकास परियोजना	57.05
7.	अंजुमन इस्लाम मुस्लिमीन, छावनी जामा मस्जिद, सीआरपी लाइन, इंदौर (म0प्र0) की विकास परियोजना	40.00
	कुल	**298.55**

18.3 राष्ट्रीय वक़्फ विकास निगम (नावाडको)

राष्ट्रीस वक़्फ विकास निगम लिमिटेड (नावाडको) की स्थापना 31 दिसम्बर, 2013 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत भारत में वक़्फ संपत्तियों के विकास और वक़्फ बोर्डों/वक़्फ संस्थानों की आय को बढ़ाने के विशिष्ट

अधिदेश के साथ की गई थी। नावाडको के पास 500 करोड़ रुपये की प्राधिकृत शेयर पूंजी तथा 100 करोड़ रुपये की प्रदत्त पूंजी है।

नावाडको ने शहरी क्षेत्रों में कई संभाव्य वक़्फ संपत्तियों की पहचान की है। राज्य वक़्फ बोर्डों तथा मुतवल्लियों (प्रबंधक) को इन संपत्तियों के वाणिज्यिक विकास के लिए उनकी रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) संसूचित कर दी गई है।

निगम ने राजस्थान; बिहार; कर्नाटक; तमिलनाडु; गुजरात; मध्य प्रदेश; उत्तर प्रदेश; उत्तराखंड; महाराष्ट्र; तेलंगाना और दिल्ली में 67 से अधिक संपत्तियों की पहचान की है। राज्य–वार स्थिति निम्नानुसार हैः–

राज्य	पहचान की गई संपत्तियों की संख्या	प्राप्त रूचि की अभिव्यक्ति	कुल क्षेत्र (वर्ग मी0 में)
कर्नाटक, बंगलुरू	10	7	186750.00
कर्नाटक, मैसुर	5	0	58050.00
बिहार	6	4	166499.00
दिल्ली	9	7	88460.00
मध्य प्रदेश, भोपाल	5	0	140861.00
राजस्थान	3	1	49050.00
महाराष्ट्र	8	0	144770.00
गुजरात	8	5	16590.00
तमिलनाडु	8	3	28135.00
तेलंगाना	5	0	6299.00
कुल	**67**	**27**	**885464.00**

कुल 67 संपत्तियों में से बंगलुरू की तीन संपत्तियों और जोधपुर, राजस्थान की एक संपत्ति की व्यावहारिकता रिपोर्टें अंतर–राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के परामर्शदाताओं के माध्यम से तैयार कर ली गई है।

एनबीसीसी एक नवरत्न सार्वजनकि क्षेत्र की कंपनी है जिसका परियोजना प्रबंधन, रियल एस्टेट परियोजनाओं के परामर्शन और निष्पादन के क्षेत्र में विशाल अनुभव है। नावाडको ने व्यावहारिकता रिपोर्टें, डीपीआर तैयार करने तथा परियोजनाओं के निष्पादन के लिए एनबीसीसी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। करार माननीय केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री और माननीय केंद्रीय शहरी विकास मंत्री की उपस्थिति में किया गया और इसका सभी राष्ट्रीय दैनिकों में व्यापक प्रचार हुआ।

निगम ने अपने प्रचालन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए भविष्य की निम्नलिखित योजनाओं का ज़ाका तैयार किया है:–

(i) राज्यों वक़्फ बोर्ड के साथ 4 (चार) संपत्तियों अर्थात् कर्नाटक की 3 (तीन) तथा राजस्थान की 1 (एक) के लिए करार करना।

(ii) एनबीसीसी के साथ परियोजना विशिष्ट समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करना था कम से कम एक संपत्ति की नींव रखने के लिए मार्ग प्रस्तुत करने वाले निर्माण क्रियाकलापों की शुरूआत करने के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु स्थानीय निकायों को निर्माण योजनायें प्रस्तुत करने की व्यवस्था करना।

(ii) 'राज्य वक़्फ बोर्डों का सुदृढ़ीकरण' योजना के अंतर्गत राज्य वक़्फ बोर्डों को अनुदान वितरित करना।

18.4. केंद्रीय वक़्फ परिषद् (सीडब्ल्यूसी)

केंद्रीय वक़्फ परिषद अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सांविधिक निकाय है। देश में वक़्फ बोर्डों के कार्यकरण से जुड़े मामलों तथा औक़ाफ के समुचित संचालन से संबंधित मुद्दों पर केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष सलाहकारी निकाय के रूप में वक़्फ अधिनियम, 1954 में दिए गए उपबंध के अनुसार इसका 1964 में गठना किया गया था। परिषद का एक अध्यक्ष होता है जो केंद्रीय मंत्री (अल्पसंख्यक कल्याण) है एवं अन्य ऐसे सदस्य, भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए गए अनुसार, जिनकी संख्या 20 से अधिक नहीं होती। इस समय सुश्री नजमा हेपतुल्ला परिषद की अध्यक्षा हैं। 10वीं परिषद् का गठन 12 मई 2011 को किया गया था।

18.4.1 केंद्रीय वक़्फ परिषद् की भूमिका:

वक़्फ अधिनियम, 1995 जो 01 नवम्बर, 2013 से देश में लागू किया जा चुका है, में केंद्रीय वक़्फ परिषद तथा राज्य वक़्फ बोर्डों की भूमिका को व्यापक बना दिया गया है। परिषद को केंद्र सरकार, राज्य सरकारों एवं राज्य वक़्फ बोर्डों को सलाह देने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। सलाह की विस्तारित भूमिका के अलावा परिषद को राज्य सरकारों अथवा बोर्ड से वक़्फ बोर्डों के निष्पादन विशेषकर उनके वित्तीय निष्पादन, सर्वेक्षण, राजस्व अभिलेखों, वक़्फ संपत्तियों के अतिक्रमण, वार्षिक रिपोर्ट और लेखा–परीक्षा रिपोर्टों के बारे में सूचना प्राप्त करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं।

18.4.2. शहरी वक़्फ संपत्तियों का विकास:

वक़्फ विकास समिति ने शहरी वक़्फ संपत्तियों के विकास की योजनेतर योजना के अंतर्गत चल रही सात परियोजनाओं को सहायता देने की अनुशंसा की है। चल रहीं वक़्फ परियोजनाओं को ऋण की मंजूरी देने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय से **298.55 लाख रुपये** की राशि अनुदानों के रूप में प्राप्त हुई है। इस सहायता से, परिषद को भारत सरकार की ओर से 1974–75 से देश में शहरी वक़्फ संपत्तियों का वित्तपोषण करने के लिए **46.97 करोड़ रुपये** अनुदानों के रूप में प्राप्त हुए हैं।

18.4.3. परिक्रामी निधि से वित्तपोषित छोटी परियोजनायें:

शहरी वक़्फ संपत्तियों के विकास की योजना के अंतर्गत, दिया गया ऋण 20 अर्द्धवार्षिक किस्तों में चुकाए जाने योग्य है। इसलिए, ऋण प्राप्तकर्त्ताओं द्वारा चुकाई गई मूलधन की राशि परिषद की 'परिक्रामी निधि' बनती है जिसका उपयोग फिर से केंद्र सरकार की ओर से प्राप्त सहायता अनुदान से वित्तपोषित बड़ी परियोजनाओं को प्रयोज्य अनुसार समान नियम व शर्तों के अधीन छोटी परियोजनाओं को 50.00 लाख रुपये तक के ऋण उपलब्ध करने के लिए किया जाता है।

अभी तक, परिषद ने परिक्रामी निधि से 94 परियोजनाओं को 5.92 करोड़ रुपये की राशि के ऋण उपलब्ध कराए हैं जिसमें से 70 परियोजनायें पूरी हो चुकी हैं तथा अन्य समाप्ति के अग्रिम चरण पर हैं।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, 'ग्रामीण चिकित्सा स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र' नामक एक परियोजना के लिए थाउबल, मणिपुर को वक़्फ भूमि पर अस्पताल के भवन के निर्माण हेतु अंतिम एवं द्वितीय किस्त के रूप में 25.00 लाख रुपये का ऋण दिया गया था। अन्य परियोजना अर्थात्, जामा मस्जिद, धेनकनाल की विकास परियोजना के लिए परिषद की परिक्रामी निधि से मस्जिद के मौजूदा वाणिज्यिक परिसर का विस्तार करने के लिए 37.00 लाख रुपये के ऋण की मंजूरी दी गई है। अतएव्, रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, दिसम्बर, 2014 तक परिक्रामी निधि में से दो छोटी परियोजनाओं के लिए 62.00 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई।

18.4.4. शिक्षा एवं महिला कल्याण समिति:

केंद्रीय वक़्फ परिषद ग़ैर–सरकारी संगठनों तथा तकनीकी संस्थानों को प्रत्यक्ष रुप से सहायता अनुदान उपलब्ध कराते हुए आईटीआई और व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों (वीटीसी) की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण सरीखे विभिन्न वित्तीय सहायता कार्यक्रमों का संचालन करते हुए समुदाय के सामाजिक एवं कल्याण संबंधी क्रियाकलापों के आयोजन करने में भी सक्रिय रूप से भागीदार रहा है। परिणामस्वरूप, देश भर के सौ से अधिक संस्थान लाभान्वित हो चुके हैं। इसी भांति, परिषद पुस्तकालयों को सहायता भी प्रदान कर रही है/पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण कर रही है तथा देश भर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पुस्तक बैंक बना रही है। मदरसों के छात्र भी राज्य वक़्फ बोर्ड को समान (matching) अनुदान के अंतर्गत ऐसे छात्रों को छात्रवृत्ति के और संवितरण के लिए उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता से लाभान्वित हो रहे हैं।

रिपोर्टाधीन वर्ष अर्थात् 2014–15 के दौरान, परिषद ने निम्नानुसार ब्यौरे के मुताबिक शैक्षणिक एवं महिला कल्याण कार्यक्रम के लिए 45.14 लाख रुपये की राशि मंजूर की है:–

1. आईटीआई को वित्तीय सहायता : 11,24,000.00 रुपये

2. वीटीसी को वित्तीय सहायता : 33,90,000.00 रुपये

18.4.5. परिषद एवं राज्य वक़्फ बोर्डो के सीईओ के राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजनः

केंद्रीय वक़्फ परिषद ने वक़्फ (संशोधन) अधिनियम, 2013 के उपबंधों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने तथा राज्य वक़्फ बोर्डों के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की योजना तथा राज्य वक़्फ बोर्डों के सुदृढ़ीकरण की योजना तथा अन्य अनुषंगी मामलों को अद्यतन बनाने के लिए **डॉ0 नजमा हेपतुल्ला, माननीया अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, भारत सरकार तथा अध्यक्षा, सीडब्ल्यूसी** की अध्यक्षता में 13 नवम्बर, 2014 को सम्मेलन कक्ष, इंडिया इस्लामिक कलचरल सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में सभी राज्य वक़्फ बोर्डों के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। **माननीय अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी** ने भी सम्मेलन में प्रतिभाग किया।

अध्याय–19

दरगाह ख्वाजा साहेब, अजमेर

19.1 राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह एक विश्व प्रसिद्ध वक्फ है। दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 में दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आर.ए.) को प्राप्त धर्मार्थ दान के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन की व्यवस्था है। इस केन्द्रीय अधिनियम के अंतर्गत, दरगाह के स्थायी निधि के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन दरगाह समिति के रूप में निहित है।

19.2 दरगाह समिति के कार्य और शक्तियां

- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान का प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन।
- दरगाह शरीफ की चारदीवारी के भीतर के भवनों तथा सभी मकानों, दुकानों की उचित देखभाल तथा उन्हें अच्छी हालत में रखना।
- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान की समस्त राशि और अन्य आय प्राप्त करना।
- यह देखना कि धर्मार्थ प्राप्त दान की राशि दानदाताओं की इच्छा के अनुरूप खर्च की जाती हैं।
- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान की आय अथवा राजस्व की ओर से देय या उस पर प्रभारित सभी अन्य का भुगतान करना और वेतन भत्ते तथा अनुलाभ का भुगतान करना।
- खादिमों के विशेषाधिकारों को निर्धारित करना तथा यदि समिति इसे आवश्यक मानती है तो उन्हें उनकी ओर से लाईसेंस प्रदान कर दरगाह में उनकी उपस्थिति नियमित करना।
- सलाहकार समिति की शक्तियों और कर्त्तव्यों को निर्धारित करना।
- दरगाह के साथ मिलकर सजदानशीन द्वारा प्रयोग की जानी वाली शक्तियों और कार्यप्रणाली का निर्धारण।
- दरगाह के कर्मचारियों की नियुक्ति, उनका निलंबन तथा उनकी बर्खास्तगी।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के गरीब वंशजों और उनके परिवारों तथा भारत में रह रहे गरीब खादिमों और उनके परिवारों को शिक्षा और गुजारा के लिए वे प्रावधान करना जिसे समिति दरगाह की वित्तीय स्थिति के अनुरूप सुसंगत समझे।

- जैसा समिति उचित समझे, नाजिम को कार्य और शक्तियां प्रदान करना।

- अन्य सभी कार्य करना जो दरगाह के दक्ष प्रशासन के लिए अनुषंगी अथवा सहायक हों।

19.3 उर्स तथा धर्म संघों का प्रबंधन :

ख्वाजा गरीब नवाज (आर.ए.) का 802वां वार्षिक उर्स मई, 2014 में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 6.5 लाख तीर्थ यात्रियों ने दरगाह का दर्शन किया। इस उर्स के दौरान कोई घटना नहीं हुई और तीर्थ यात्रियों को पूर्ण बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई गईं। महान सूफी संत को श्रद्धांजलि देने के लिए अनेक गणमान्य व्यक्ति भी दरगाह आए। अजमेर जिला सीविल और पुलिस अधिकारियों तथा राजस्थान सरकार के समन्वय और सहायता से व्यवस्थाएं की गईं।

अध्याय–20

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)

20.1 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) 30 सितम्बर, 1994 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत एक लाभ सहित कंपनी के रूप में निगमित की गई थी। एनएमडीएफसी अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को स्व–रोज़गार एवं जीविकोपार्जन के क्रियाकलापों के लिए रियायती ऋण उपलब्ध कराता है। एनएमडीएफसी का मुख्य अधिदेश 6 अधिसूचित अल्पसंख्यकों यथा मुस्लिमों, इसाईयों, सिक्खों, बौद्धों, पारसियों एवं जैनों को स्व–रोज़गार/आर्य सृजन के क्रियाकलापों के लिए रियायती ऋण उपलब्ध कराना है। ग्रामीण क्षेत्रों में 81,000 रुपये तथा शहरी क्षेत्रों में 1,03,000 रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार एनएमडीएफसी की योजनाओं के अंतर्गत लाभों के पात्र हैं। एनएमडीएफसी की विशेष पहल के तौर पर, भारत सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय हेतु वर्तमान में लागू 'क्रीमी लेयर' मापदंड को अपनाते हुए सितम्बर, 2014 के 6.00 लाख रुपये तक की नई वार्षिक पारिवारिक आय पात्रता सीमा की शुरूआत की गई है। एनएमडीएफसी (i) संबंधित राज्य सरकार/संध राज्य क्षेत्र के प्रशासनों द्वारा नामित राज्य चैनेलाइज़िंग एजेंसियों (एससीए) तथा (ii) ग़ैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराता है।

20.2 अपने कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए, एनएमडीएफसी के पास 3000 करोड़ रुपये की प्राधिकृत शेयर पूंजी है, जिसमें से भारत सरकार का शेयर पूंजी 975.00 करोड़ रुपये (65%) है तथा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों का शेयर 390.00 करोड़ रुपये (26%) है जबकि बकाया 135.00 करोड़ रुपये (9%) का अंशदान अल्पसंख्यकों में रूचि रखने वाले संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा दिया जाएगा।

20.3 भारत सरकार ने शुरूआत से 31.10.2014 तक, एनएमडीएफसी की इक्विटी को 975.00 करोड़ रुपये (100%) का अंशदान दिया है जबकि इस अवधि के दौरान, विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 233.92 करोड़ रुपये (59.98%) का अंशदान दिया गया है। अल्पसंख्यकों में रूचि रखने वाले संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा 1 लाख रुपये की राशि का अंशदान दिया गया है। इस प्रकार, कुल प्रदत्त पूंजी 1208.93 करोड़ रुपये है।

20.4 एनएमडीएफसी की योजनायें एवं कार्यक्रमः

(क) एनएमडीएफसी की मौजूदा रियायती ऋण पद्धति को दो धारकों में विभाजित किया गया हैः–

ऋण पद्धति 1:– यह रियायती ऋण की वर्तमान धारा है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में 81,000 रुपये प्रतिवर्ष तथा शहरी क्षेत्रों में 1.03 लाख रुपये प्रतिवर्ष की आय सीमाओं के आधार पर रियायती ब्याज दर पर संवितरित किया जा रहा है।

ऋण पद्धति 2:– अल्पसंख्यक आबादी के 6.00 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले तबके जिसे भारत सरकार द्वारा ओबीसी के 'क्रीमी लेयर' मापदंड के आधार पर परिभाषित किया गया है, को रियायती ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह उस ब्याज दर पर रियायती ऋण प्राप्त करेगा, जो ऋण पद्धति 1 से उच्चतर है।

i. **सावधि ऋण योजनाः** यह योजना वैयक्तिक लाभार्थियों के लिए है तथा राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है। सावधि ऋण योजना के अंतर्गत, वित्तपोषण हेतु 20.00 लाख रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं (ऋण पद्धति–2 हेतु 30.00 लाख रुपये तक) पर विचार किया जाता है। एनएमडीएफसी परियोजना लागत के 90% की सीमा तक ऋण उपलब्ध कराता है। तथापि, लाभार्थियों को परियोजना की बकाया लागत का न्यूनतम 5% अंशदान देना होता है। लाभार्थी से 6% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर प्रभारित की जाती है। ऋण पद्धति–2 के लिए, पुरूष लाभार्थियों को 8% प्रतिवर्ष तथा महिला लाभार्थियों को 6% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर 30.00 लाख रुपये तक दिए जाते हैं।

सावधि ऋण योजनाओं के अंतर्गत वाणिज्यिक रूप से किसी भी व्यवहार्य एवं तकनीकी रूप से व्यावहारिक उद्यम के लिए सहायता उपलब्ध है, जिसे सुविधा के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया हैः

क) कृषि एवं संबद्ध

ख) तकनीकी ट्रेड

ग) लघु व्यवसाय

घ) कारीगर एवं पारम्परिक व्यवसाय, तथा

ङ) परिवहन एवं सेवायें क्षेत्र

ii. **शैक्षणिक ऋण योजनाः–** यह योजना वैयक्तिक लाभार्थियों के लिए है तथा राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसिययों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है। एनएमडीएफसी अल्पसंख्यकों से संबंधित पात्र व्यक्तियों के लिए रोजगार आधारित शिक्षा को सुकर बनाने के उद्देश्य से शैक्षणिक ऋण उपलब्ध कराता है। इस योजना के अंतर्गत, पांच वर्षों से अनधिक अवधियों के 'तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों' के लिए 15.00 लाख रुपये (ऋण पद्धति–2 हेतु 20.00 लाख रुपये तक) का ऋण उपलब्ध है। इसके अलावा, विदेश के पाठ्यक्रमों के लिए (ऋण पद्धति–2 हेतु 30.00 लाख रुपये तक) का ऋण उपलब्ध है। इस प्रयोजनार्थ एससीए को 1% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर निधियां, लाभार्थियों को 3% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर उधार देने के लिए उपलब्ध कराई जाती है। ऋण पद्धति–2 के अंतर्गत, एससीए को 2% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर निधियां, पुरुष लाभार्थियों को 8% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर तथा महिला लाभार्थियों को 5% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर उधार पर देने के लिए उपलब्ध कराई जाती हैं। यह ऋण पाठ्यक्रम की समाप्ति के पश्चात् अधिकतम पांच वर्षों में देय है।

iii. **लघु वित्तपोषण योजनाः–** लघु वित्तपोषण योजना के अंतर्गत, एससीए/एनजीओ के माध्यम से स्व–सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को लघु–ऋण दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत, स्व–सहायता समूह के प्रत्येक सदस्य को अधिकतम 1.00 लाख रुपये तक के लघु ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं। गैर सरकारी संगठनों/एससीए को 1% की ब्याज दर पर निधियां दी जाती हैं जो आगे 7% प्रतिवर्ष से अनाधिक की ब्याज दर पर स्व–सहायता समूहों को उधार देते हैं। ऋण–पद्धति–2 के अंतर्गत, स्व–सहायता समूह के प्रत्येक सदस्य को 1.50 लाख रुपये, पुरूष लाभार्थियों के लिए 10% प्रतिवर्ष तथा महिला लाभार्थियों के लिए 8% प्रतिवर्ष से अनाधिक की ब्याज दर पर दिया जाता है। योजना के अंतर्गत अदायगी की अवधि अधिकतम 36 महीने हैं।

iv. **महिला समृद्धि योजनाः–** स्व–सहायता समूहों में शामिल की जाने वाली महिलाओं को टेलरिंग, कटिंग और एम्ब्रायडरी इत्यादि सरीखे व्यवसायों में शामिल लघु ऋण को जोड़ने की एक अनूठी योजना है। यह एनएमडीएफसी की राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों और साथ ही साथ गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत, किसी उपयुक्त महिला अनुकूल शिल्प क्रियाकलाप में लगभग 20 महिलाओं के समूह को प्रशिक्षण दिया जाता है। यह समूह प्रशिक्षण के दौरान ही स्व–सहायता समूह बना दिया जाता है और प्रशिक्षण के उपरान्त, इस प्रकार गठित स्व–सहायता समूह के सदस्यों को लघु ऋण उपलब्ध कराया जाता है। प्रशिक्षण की अधिकतम अवधि छहः माह है और प्रशिक्षण के अधिकतम खर्चे प्रति प्रशिक्षणार्थी 1500 रुपए प्रतिमाह हैं। प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षुओं को 1000 रुपए प्रतिमाह का वजीफा भी दिया जाता है। प्रशिक्षण लागत और वजीफे के खर्च की पूर्ति एनएमडीएफसी द्वारा अनुदान के रूप में की जाती है। प्रशिक्षण के उपरान्त, स्व–सहायता समूह के प्रत्येक सदस्य को 7% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर अधिकतम 1.00 लाख रुपए के अध्यधीन आवश्यकता आधारित लघु ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

(ख) एनएमडीएफसी की संवर्धनात्मक योजनायें

i. **व्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाः–** एनएमडीएफसी की व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना का उद्देश्य स्व/मजदूरी रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लक्षित व्यक्तिगत लाभार्थियों को कौशल प्रदान करना है। यह योजना राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है, जो स्व/मजदूरी रोजगार के लिए संभाविता वाले ट्रेडों में स्थानीय सरकार के स्वामित्व वाले/मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों की मदद से अपने राज्यों में आवश्यकता आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम की लागत छहः महीनों की अधिकतम अवधि के पाठ्यक्रमों के 2000 रुपये प्रति अभ्यर्थी प्रति माह तक है। प्रशिक्षण के दौरान प्रति अभ्यर्थी को 1000 रुपये प्रति माह की दर से वजीफा भी दिया जाता है। एससीए/प्रशिक्षण संस्थान को औपचारिक क्षेत्र में 50% प्रशिक्षणार्थियों के प्लेसमेंट के साथ मजदूरी रोजगार/स्व–रोजगार में कम से कम 80% प्रशिक्षणार्थियों का प्लेसमेंट सुनिश्चित करना होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को 1 वर्ष की हैंडहोल्डिंग सहायता भी दी जाती है।

ii. **विपणन सहायता योजनाः** विपणन सहायता योजना व्यक्तिगत शिल्पकारों, एनएमडीएफसी के लाभार्थियों

के साथ–साथ एसएसजी के लिए है और एससीए तथा एनजीओ दोनों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है। विपणन को सवंर्धित करने और शिल्पकारों के उत्पादों का लाभकारी कीमतों पर बिक्री हेतु उनकी सहायता के उद्देश्य से, एनएमडीएफसी चुनिन्दा स्थानों पर राज्य/जिला स्तर की प्रर्दशनियां आयोजित करने में एससीए तथा एनजीओ की मदद करता है। इन प्रर्दशनियों में, अल्पसंख्यक शिल्पकारों के हस्तकरघा/हस्तशिल्प उत्पादों को प्रर्दशित किया जाता तथा बेचा जाता है। ऐसी प्रर्दशनियां 'क्रेता–विक्रेता समागम' का प्रयोजन भी सिद्ध होता है, जिसे घरेलू बाजार के साथ–साथ निर्यातों के लिए उत्पाद विकास और बाजार संर्वधन के लिए अत्यधिक उपयोगी समझा जाता है। एनएमडीएफसी प्रस्तावों के संक्षिप्त मूल्यांकन के पश्चात योजना के विशिष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार प्रर्दशनियां आयोजित करने के लिए अनुदाय प्रदान करता है।

20.5. एनएमडीएफसी की उपलब्धियां

क. अपनी शुरूआत से 31/12/2014 तक, एनएमडीएफसी ने 24 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों के **428032** लाभार्थियों को **2068.93 करोड़ रुपये** की साविध ऋण सहायता दी है। चालू वित्त वर्ष 2014–15 में, 31/12/2014 तक **19518 लाभार्थियों** को **185.40 करोड़ रुपये** की राशि संवितरित की गई है।

ख. एनएमडीएफसी प्रारंभ से 1998–99 से एनजीओ के माध्यम से लघु ऋण योजना क्रियान्वित की जा रही है तथा बाद में एससीए को भी क्रियान्वयन में शामिल किया गया। 31/12/2014 तक, **600340** लाभार्थियों के लिए लघु ऋण योजना के अधीन **767.52 करोड़ रुपये** का कुल संवितरण किया गया है। चालू वित्त वर्ष 2013–14 में, 31/12/2014 तक **27245 लाभार्थियों** के लिए **61.30 करोड़ रुपये का लघु ऋण** संवितरित किया गया है।

ग. शुरूआत से 31/12/2014 तक, एनएमडीएफसी ने **1028372 लाभार्थियों** के लिए **2836.45 करोड़ रुपये** की समेकित राशि संवितरित की है। चालू वित्त वर्ष 2014–15 के दौरान, 31/12/2014 तक **46763 लाभार्थियों** को **246.70 करोड़ रुपये** की समेकित राशि संवितरित की गई है।

घ. मंत्रालय द्वारा राज्य चैनेलाइजिंग अभिकरणों (एससीए) को उनकी अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता अनुदान उपलब्ध कराने की योजना 2007–08 में आरंभ की गई थी। इस योजना के अधीन एससीए को जागरूकता अभियानों, प्रदानगी प्रणाली में सुधार, ऋण की वसूली इत्यादि के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना को सरल एवं निष्पादन आधारित बनाने के लिए 2013–14 के दौरान संशोधित किया गया था। अब केंद्र सरकार द्वारा एससीए को विगत वर्ष में निधियों के आहरण एवं उनके उपयोग के संबंध में उनके कार्य निष्पादन के आधार पर 100% सहायता उपलब्ध कराई जाती है। 2014–15 के दौरान, इस योजना के लिए 2.00 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

ङ. एनएमडीएफसी की 2012–13 की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा–परीक्षित लेखे 6 फरवरी, 2014 को लोक सभा तथा 10 फरवरी, 2014 को राज्य सभा में रखे गए थे।

20.6. एनएमडीएफसी द्वारा कौशल विकास

एनएमडीएफसी ने अपने लक्षित समूहों को रोज़गार उन्मुख कौशल प्रदान करने के लिए, 35.00 लाख रुपये की कुल वित्तीय विवक्षा के साथ 350 उम्मीदवारों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम की मंजूरी दी है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निरस्त्र सुरक्षा गार्ड (150 प्रशिक्षणार्थी) तथा स्वास्थ्य परिचर्या सहायक (200 प्रशिक्षणार्थी) के व्यवसायों में टी.एस.स्किल्ज़ एंड टेड प्राइवेट लिमिटेड तथा स्किल ट्री कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। दिल्ली में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बवाना, नांगलोई, लोनी, मौलाना आज़ाद कॉम्पलैक्स तथा सीलमपुरी में स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है।

इस कौशल विकास प्रशिक्षण योजना की प्रमुख विशेषता यह है कि प्रशिक्षण एजेंसियों को कम से कम 80% सफल उम्मीदवारों को प्लेसमेंट् देना होता है जिनमें से 50% संगठित क्षेत्र में प्लेस किया जाएगा।

चालक प्रशिक्षण कार्यक्रमः एनएमडीएफसी ने मारूति सुजुकि इंडिया लिमिटेड के सहयोग से चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी शुरूआत की है। देश के 16 राज्यों में कुल 1000 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

20.7. एनएमडीएफसी की विशेष पहलें:

(i) **परिवार की वार्षिक आय सीमा को बढ़ानाः** एनएमडीएफसी के अंतर्गत लक्षित समूह के कवरेज को बढ़ाने के लिए 6.00 लाख रुपये तक बढ़ाना।

(ii) **क्षेत्रीय कार्यालयः** एनएमडीएफसी के बोर्ड ने 23/06/2014 को आयोजित अपनी 90वीं बैठक में निम्नलिखित स्थानों पर एनएमडीएफसी के 4 क्षेत्रीय कार्यालयों को खोलने के लिए अनुमोदन प्रदान किया हैः–

क. चेन्नई में दक्षिणी क्षेत्र कार्यालय

ख. मुम्बई में पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय

ग. कोलकाता में पूर्वी क्षेत्र कार्यालय

घ. गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र कार्यालय

चेन्नई के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन 22 नवम्बर, 2014 को माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री द्वारा किया गया था।

(iii) **आधार संख्या का अनिवार्य उपयोग :** एनएमडीएफसी की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान करने के लिए लाभार्थियों की पहचान करते समय एससीए के लिए आधार संख्या के उपयोग को अनिवार्य कर दिया गया है।

राज्य चैनेलाइज़िग एजेंसियां आधार संख्याओं से लिंक करते हुए लाभार्थियों के खाते में सीधे तौर पर ऋणों की निर्मुक्ति करेगी और ऋण की निर्मुक्ति, इसके उपयोग, व्यापार के लेन–देन तथा ऋण की किस्तों को चुकाने सरीखे सभी लेन–देनों के लिए इसी खाते का उपयोग होगा ताकि एनएमडीएफसी की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत द्विरावृत्ति से बचा जा सके तथा यह सुनिश्चित किया जा सके कि वही लाभार्थी साथ–साथ सरकार की ऐसी ही अन्य सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं के अधीन लाभ प्राप्त न कर रहा हो अथवा साथ ही पारदर्शिता को भी बढ़ाया जा सके। यह खाता एससीए की निगरानी में भी होगा तथा एनएमडीएफसी को मानीटरिंग के प्रयोजनों से इस खाते को सुलभ कराया जाएगा। एससीए को उन अभिज्ञात लाभार्थियों के संबंध में बैंक खाते खोलने के लिए प्रधानमंत्री की जन धन योजना का उपयोग करने और आधार संख्या से जोड़ने का निदेश भी दिया गया है जिनका बैंक खाता नहीं है।

(iv) **मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय कौशल अकादमी (मानस):** मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय कौशल अकादमी (मानस) की स्थापना 11 नवम्बर, 2014 को अल्पसंख्यक समुदायों के सभी कौशल विकास/उन्नयन की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) के रूप में की गई थी। मानस एक बहुत महत्वकांक्षी एवं महत्वपूर्ण कौशल विकास स्थापत्य है जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक आबादी को राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण संगठनों के साथ संयोजनों के आधार पर (पीपीपी मोड पर) उन कौशलों में प्रशिक्षण देने के लिए जिनकी इस समय मांग है, अखिल भारतीय स्तर की प्रशिक्षण रूपरेखा उपलब्ध कराना है। यह अकादमी अल्पसंख्यक समुदायों को उनकी 'कौशल संबंधी जरूरतों' को पूरा करने के पश्चात् अपने मौजूदा व्यापारों का विस्तार करने तथा नए व्यापार उद्यमों की स्थापना करने के लिए रियायती ऋण भी उपलब्ध कराएगी। इस अकादमी से बहु–आयसी संगठन के रूप में कार्य करने की आशा की जाती है जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों की उन कलाओं एवं शिल्पों, जिनका वैश्वीकरण के कारण मांद पड़ गए हैं, की पहचान करने, मदद देने और प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अनुलम्ब शामिल है। मानस इस प्रयोजनार्थ 'अनुसंधान पदों' की भी स्थापना करेगा।

20.8 निम्नलिखित कार्य–निष्पादन चार्ट एतद्सह संलग्न हैं:–

i. एनएमडीएफसी – भारत सरकार द्वारा किया गया शेयर पूँजी आबंटन एवं अंशदान

ii. एनएमडीएफसी – सहायता प्राप्त लाभार्थियों की वर्ष–वार संख्या

iii. एनएमडीएफसी – संवितरित वर्ष–वार निधियां

iv. वर्ष 2014–15 के दौरान हुए आयोजनों के फोटोग्राफ

v. 2014–15 के दौरान (31/12/2014 तक) उपलब्धियों के लिंग–वार ब्यौरे को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–XV**

vi. पूर्वोत्तर क्षेत्र में वित्तीय एवं वास्तविक उपलब्धियां **अनुलग्नक–XVI**

vii. 2014–15 के दौरान (31/12/2014 तक) राज्य–वार वास्तविक उपलब्धियां **अनुलग्नक–XVII**

vii. 2014–15 के दौरान (31/12/2014 तक) राज्य–वार वित्तीय उपलब्धियां **अनुलग्नक–XVII**







एनएमडीएफसी का 20वां स्थापना दिवस 8 अक्तूबर, 2014 को मिर्ज़ा ग़ालिब हॉल, स्कोप कन्वेन्शन सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ0 नजमा ए0 हेपतुल्ला, माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया और अध्यक्षता डॉ0 ललित के0 पंवार, सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई।

दिनांक 11 नवम्बर, 2014 को मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय कौशल अकादमी (मानस) के प्रथम कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ।

दिनांक 22.11.2014 को चेन्नई में एनएमडीएफसी के क्षेत्रीय कार्यालय तथा मानस के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनएमडीएफसी के कार्यक्रम का क्रियान्वयन

एनएमडीएफसी पूर्वोत्तर क्षेत्र में रहने वाले अल्पसंख्यकों को ऋण की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देता है। एनएमडीएफसी की योजनायें अरूणाचल प्रदेश, मेघालय एवं सिक्किम को छोड़कर एससीए के माध्यम से पूर्वोत्तर राज्यों में प्रभावी हैं। सावधि ऋण एवं लघु ऋण योजनाओं के अधीन, 31/12/2014 तक देश भर के अल्पसंख्यकों को उपलब्ध 2836.13 करोड़ रुपये में से पूर्वोत्तर राज्यों के 51,275 लाभार्थियों का शेयर 180.18 करोड़ रुपये (6.35%) रहा है। चालू वर्ष में, देश के 606.00 करोड़ रुपये (10.89%) के कुल आबंटन में से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 66.00 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है तथा 31 दिसम्बर, 2014 तक पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य चैनेलाइज़िंग एजेंसियों को 20.50 करोड़ रुपये की राशि निर्मुक्ति की गई है।

एनएमडीएफसी कार्यक्रमों के अंतर्गत जेंडर विशिष्ट मुद्दे

एनएमडीएफसी महिलाओं की ऋण संबंधी ज़रूरतों पर विशेष ध्यान देता है। इसकी लघु ऋण योजना मुख्य रूप से ग़रीब अल्पसंख्यक महिलाओं पर ध्यान देती है। इस योजना का मुख्य रूप से उद्देश्य एनजीओ/स्व–सहायता समूहों के माध्यम से अनौपचारिक ढ़ंग से उनकी साख संबंधी जरूरतों को पूरा करते हुए महिलाओं का सशक्तिकरण करना है। एनएमडीएफसी ने अब तक (31/12/2014 तक) 767.53 करोड़ रुपये के लघु ऋण की मदद के लगभग 6,00,336 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की है, जिसमें से 90% से अधिक लाभार्थी महिलायें हैं

महिला समृद्धि योजना

इसके अलावा, एनएमडीएफसी ने महिला समृद्धि योजना नामक योजना आरंभ की है जो महिलाओं को प्रशिक्षणोपरांत लघु ऋण से जोड़ती है। इस योजना के अंतर्गत, महिलाओं को छहः माह की अवधि का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है और तत्पश्चात् अपनी जीविका अर्जन क्रियाकलापों को शुरू करने के लिए 7% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर 50,000 रुपये तक का अपेक्षित लघु ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

अध्याय–21

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान

21.1 भूमिकाः मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान एक स्वैच्छिक, गैर–राजनैतिक, गैर–लाभकारी समाज सेवा संगठन है, जिसकी स्थापना शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के बीच शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। जुलाई, 1989 में, सोसाइटी के रूप में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन इसका पंजीकरण किया गया था।

21.2 मुख्य उद्देश्यः इस प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य विशेषतः शैक्षिक तौर पर पिछड़े अल्पसंख्यकों और सामान्यतः कमजोर वर्गों के लाभ के लिए शैक्षिक योजनाएं तैयार करना और उन्हें लागू करना है।

21.3 एमएईएफ की संरचनाः अल्पसंख्यक कार्य मामलों के केन्द्रीय मंत्री इस प्रतिष्ठान के पदेन अध्यक्ष हैं। प्रतिष्ठान के सामान्य निकाय में 15 सदस्य हैं, जिनमें 6 पदेन सदस्य और 9 नामित सदस्य होते हैं जिन्हें अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाता है। इसके कार्यों का प्रबंधन इसके शासी निकाय के सुपुर्द है, जिसमें छः सदस्य होते हैं, इसमें अध्यक्ष–एमएईएफ, उपाध्यक्ष–एमएईएफ, खजांची–एमएईएफ, भी शामिल है और तीन सदस्य सामान्य निकाय में से चुने जाते हैं।

21.4 एमएईएफ के संसाधनः इसके आय का एकमात्र साधन एमएईएफ निवेश की गई संचित निधि पर अर्जित ब्याज है।

संचित निधिः एमएईएफ ने भारत सरकार से संचित निधि के रूप में 2014–15 तक कुल 1023 करोड़ रु0 प्राप्त किए हैं, जिन्हें बैंकों में सावधि जमा के रूप में निवेशित रखा गया गया है और इससे मिलने वाले ब्याज का उपयोग एमएईएफ की शैक्षिक योजनाओं के कार्यान्वयन में किया जाता है। एमएईएफ ने एचपीसीएल, सेल और आईडीबीआई बैंक से संचित निधि के लिए 12 लाख रु0 का अंशदान भी प्राप्त किया है।

21.5 मौजूदा शैक्षणिक योजनाएंः एमएईएफ निम्नलिखित दो मुख्य योजनाएं कार्यान्वित कर रहा हैः

21.5.1 एनजीओ को सहायता अनुदानः शैक्षणिक संस्थानों के अवसंरचना विकास के लिए सहायता–अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती हैः

- स्कूलों/बीएड कॉलेजों/वीटीसी/आईटीआई/पॉलिटेक्निक और छात्रावास भवनों का निर्माण/विस्तार।
- विज्ञान/कम्प्यूटर प्रयोगशाला उपकरण/फर्नीचर की खरीद।

- तीन साल से चल रहे और मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान, जिसमें 50% से अधिक अल्पसंख्यक छात्र हैं, का प्रबंधन करने वाले एनजीओ आवेदन कर सकते हैं।

- उच्चतम सीमा 30 लाख रु0 है।

21.5.2 अल्पसंख्यको से संबंधित मेधावी छात्राओं के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय छात्रवृत्तिः

अल्पसंख्यकों से संबंधित छात्राओं को 12,000/– रु0 प्रति छात्रा की दर से (6,000/– रु0 की दो किस्तों में) निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाती हैः

- दसवीं कक्षा में न्यूनतम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना।

- 11वीं कक्षा में स्थायी दाखिला होना।

- माता/पिता की वार्षिक आय रु0 1 लाख प्रतिवर्ष से कम होना।

- चयन राज्य–वार कोटे में मेरिट के आधार पर किया जाता है।

मौलाना आजाद सेहत योजना शीर्षक वाली एक नई योजना को दिनांक 04.03.2014 को आरंभ किया गया है।

21.6 उपलब्धियां:

एमएईएफ की योजनाओं ने देश भर में बहुत ख्याति प्राप्त की है। एमएईएफ अपनी योजनाएं बिना किसी मध्यवर्ती एजेंसी के हस्तक्षेप के सीधे ही कार्यान्वित करती है। इसकी योजनाओं के लाभ भारत के लगभग प्रत्येक भाग में पहुंचे हैः

21.6.1 सहायता अनुदानः दिनांक 30.09.2014 तक एमएईएफ ने 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फैली 1423 एनजीओ को रु0 185.96 करोड़ के सहायता अनुदान स्वीकृत किए हैं। एमएईएफ द्वारा (शुरुआत से) 30.09.2014 तक स्वीकृत किए गए सहायता–अनुदान का राज्य–वार सार **अनुलग्नक–**XIX पर है।

21.6.2 छात्रवृत्तिः वर्ष 2013–14 तक एमएईएफ ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फैली 1,37,318 छात्राओं को 162.61 करोड़ रु0 की राशि स्वीकृत की है। वर्ष 2013–14 तक स्वीकृत छात्रवृत्ति का राज्य–वार सार संलग्न है। चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान प्राप्त प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। **अनुलग्नक–**XX

21.7 एमएईएफ द्वारा महिलाओं के लिए चलाए जाने वाले व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्रः

प्रतिष्ठान महिलाओं के लिए अजमेरी गेट, दिल्ली में एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र भी चला रहा है, जहां पर लड़कियों को विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे कटिंग एण्ड टेलरिंग, टैक्सटाईल डिजाईनिंग, ब्यूटी कल्चर, आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स और कम्प्यूटर्स के अंतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान को सहायता अनुदान

21.8 मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान (एमएईएफ) गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से अपनी योजना क्रियान्वित करता है। ये गैर–सरकारी संगठन संस्थानों, स्कूलों और छात्रावासों को चलाने के लिए एमएईएफ से अनुदान लेते हैं।

21.9 मंत्रालय उसकी समग्र निधि से एमएईएफ को सहायता अनुदान प्रदान करता है। इस मंत्रालय द्वारा गैर–सरकारी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे संस्थानों की अवसंरचना में सुधार के लिए मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के सहायता अनुदान के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:–

करोड़ रु0 में

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	इस मंत्रालय द्वारा जारी की गई धनराशि
2007.08	50	50	50
2008.09	60	60	60
2009.10	115	115	115
2010.11	125	125	125
2011.12	200	200	200
2012.13	100	100	शून्य
2013.14	160	160	160
2014.15	113	113	113

21.10 भविष्य के कार्यक्रम:

- मौलाना आजाद पब्लिक स्कूलों की स्थापना।
- आईटीआई/व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना।
- मौलाना आजाद पीठों की स्थापना।
- पुस्तकालयों की स्थापना।
- छः अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों की स्थापना।
- छात्रवृत्ति कार्यक्रम का विस्तार करना।
- मौलाना अबुल कलाम आजाद चिकित्सा सहायता योजना
- नई मंजिल
- नालंदा

अध्याय–22

अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम

22.1 अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम की घोषणा जून, 2006 में की गई। इसमें निश्चित लक्ष्यों के साथ कार्यक्रम विशिष्ट क्रियाकलापों की व्यवस्था है, जिन्हें निर्धारित समय–सीमा में प्राप्त किया जाना होता है। इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं – (क) शिक्षा के अवसरों को बढ़ाना; (ख) वर्तमान तथा नयी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक क्रियाकलापों और रोजगार में अल्पसंख्यकों के लिए समुचित भागीदारी, स्व–रोजगार के लिए ऋण सहायता में वृद्धि और केन्द्र व राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती सुनिश्चित करना; (ग) अवसंरचना विकास योजना से जुड़ी योजनाओं में अल्पसंख्यकों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना; और (घ) सांप्रदायिक असामंजस्य तथा हिंसा का निवारण और नियंत्रण करना।

22.2 इस नए कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अल्पसुविधाप्राप्त लोगों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदायों के वंचित वर्गों तक पहुंचे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन योजनाओं के लाभ अल्पसंख्यकों तक समान रूप से पहुंचें, नए कार्यक्रम में इन विकास परियोजनाओं के कुछ भाग को अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में अवस्थित करने की परिकल्पना की गई है। इसमें यह भी प्रावधान है कि जहां कहीं संभव हो, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्यों और परिव्ययों का 15% अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए।

22.3 इस कार्यक्रम के लक्षित समूह में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अंतर्गत अधिसूचित अल्पसंख्यकों में पात्र वर्ग हैं– मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध और पारसी। हालही में, जैनियों को दिनांक 27.01.2014 की अधिसूचना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के रूप में अधिसूचित किया गया है। राज्यों में जहां राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अंतर्गत अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों में से एक समुदाय वास्तव में, अधिसंख्य में है, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वास्तविक/वित्तीय लक्ष्य केवल अन्य अधिसूचित समुदायों के लिए निर्धारित होंगे। ये राज्य/संघ राज्य क्षेत्र हैं – जम्मू और कश्मीर, पंजाब, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और लक्षद्वीप।

22.4 इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर प्रत्येक संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा की जाती है। केन्द्रीय स्तर पर, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा इसकी समग्र प्रगति की समीक्षा अन्य मंत्रालयों के नोडल अधिकारियों के साथ तिमाही आधार पर की जाती है। इस कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा सचिवों की समिति द्वारा 6 माह में एक बार की जाती है तथा उसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। दिशानिर्देशों में की गई परिकल्पना के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रगति की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समितियां गठित करनी होती हैं। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी ऐसे ही तंत्र की परिकल्पना की गई है।

22.5 नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम में शामिल एवं निर्धारण योग्य योजनाओं की सूची निम्नानुसार :–

- एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) जिसके तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाती हैं (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय)
- सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) (मानव संसाधन विकास मंत्रालय)
- आजीविका/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) (ग्रामीण विकास मंत्रालय)
- स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई)/राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) (आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) का उन्नयन)श्रम एवं रोजगार मंत्रालय)
- प्राथमिक क्षेत्र ऋण के अंतर्गत बैंक ऋण (वित्तीय सेवाएं विभाग)
- इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) (ग्रामीण विकास मंत्रालय)

वर्ष 2014–15 (सितम्बर, 2014 तक) के दौरान, इन योजनाओं की वास्तविक उपलब्धियां नीचे दर्शायी गई हैं –

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबंधित मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि (वास्तविक)
1-	सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग	
(i)	निर्मित प्राथमिक स्कूलों की संख्या	104
(ii)	निर्मित अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की संख्या	3630
2.	इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) के तहत सहायता प्रदत्त गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवार। ग्रमीण विकास मंत्रालय (31.12.2014 तक)	2,33,220
3.	आजीविका/एनआरएलएम	
(i)	सामाजिक संचालन योजना के अंतर्गत बढ़ावा दिए गए स्व–सहायता समूहों की संख्या	7256
(ii)	परिक्रामी निधि उपलब्ध कराए गए स्व–सहायता समूहों की संख्या	2479
(iii)	सामुदायिक निवेश निधि उपलब्ध कराए गए स्व–सहायता समूहों की संख्या	718
(iv)	आजीविका कौशल योजना से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या	5196
4.	स्वर्ण जंयती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई) के तहत सहायता प्रदत्त लाभार्थी – आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय (एचयूपीए)	

(i) शहरी स्व–रोजगार कार्यक्रम के तहत वैयक्तिक उद्यम (यूएसईपी):

- वैयक्तिक सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना करने के लिए सहायता प्रदत्त अल्पसंख्यक शहरी गरीबों की कुल संख्या : 689
- अल्पसंख्यक समुदायों हेतु समुदाय–वार पृथकीकृत आकड़े (स्व–सहायता समूहों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों हेतु कुल उपलब्धि के संदर्भ में संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय की उपलब्धि का प्रतिशतः

(क) मुस्लिम : 51.44%
(ख) सिक्ख : 1.81%
(ग) ईसाई : 45.11%
(घ) बौद्ध : 1.43%
(ङ) पारसी : 0.11%
(च) जैन : 0.08%

(ii) शहरी गरीबों म0ें रोजगार संवर्धन हेतु कौशल प्रशिक्षण (स्टेप–अप)

- वास्तविकः 6372
- अल्पसंख्यक समुदायों हेतु समुदाय–वार पृथकीकृत आंकड़े (स्टेप–अप के अंतर्गत) अल्पसंख्यकों हेतु कुल उपलब्धि के संदर्भ में संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय की उपलब्धि का प्रतिशत :

(क) मुस्लिम : 41.18%
(ख) सिक्ख : 0.11%
(ग) ईसाई : 58.58%
(घ) बौद्ध : 0.11%
(ङ) पारसी : 0%
(च) जैन : 0%

(iii) कौशल प्रशिक्षित व्यक्तियों की प्लेसमेंटः 1346

(iv) निर्मित स्व–सहायता समूहों में व्यक्तियों की संख्याः 2897

वर्ष 2014–15 के दौरान (सितम्बर, 2014 तक) उन योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय उपलब्धि जिनमें वित्तीय लक्ष्य निर्धारित किए गए हैंः

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबद्ध मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि (करोड़ में)
1.	इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) : ग्रामीण विकास मंत्रालय (31.12.2014 तक)	500.05
2.	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उत्कृष्टता के केन्द्रों के रूप में उन्नत किया जाना : श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (31.12.2014 तक)	1.62
3.	प्राथमिक श्रेत्र ऋण : वित्तीय सेवाएं विभाग (संचयी उपलब्धि)	2,48,761.84

कुल प्राथमिक क्षेत्र ऋण में से अल्पसंख्यकों को प्राथमिक क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के प्रतिशत में वर्ष 2007–08 में 10.6% से 30.09.2014 तक 15.76% की सतत् वृद्धि हुई है। पीएसएल के अंतर्गत, 2014–15 के दौरान (सितम्बर, 2014 तक) अल्पसंख्यकों हेतु कुल उपलब्धि के संदर्भ में संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय की उपलब्धि का प्रतिशत निम्नानुसार है:

(क)	मुस्लिम	:	44.07
(ख)	सिक्ख	:	21.59
(ग)	ईसाई	:	24.25
(घ)	बौद्ध	:	1.91
(ङ)	पारसी	:	2.80
(च)	जैन	:	5.38

22.6 वर्ष 2014–15 के दौरान (सितम्बर, 2014 तक) प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत शामिल की गयी उन योजनाओं की उपलब्धियां, जिनके तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं के लिए धनराशि प्रवाह/लाभ की निगरानी रखी जाती है, नीचे दर्शायी गयी हैं :–

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबद्ध मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि (वित्तीय) (कवर किए गए अल्पसंख्यक बहुल नगरों/शहरों की संख्या और स्वीकृत परियोजना लागत)
1.	शहरी गरीबों के लिए आधारभूत सेवाएं (बीएसयूपी): आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय (एचयूपीए)	₹6253.81 करोड़ (संचयी) (17 शहर)
2.	समन्वित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) : आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय	₹2133.09 करोड़ (संचयी) (102 शहर)
3.	शहरी अवसंरचना एवं शासन (यूआईजी), शहरी विकास मंत्रालय (31.12.2014 तक संचित उपलब्धियां)	₹10,259.78 करोड़ (संचयी) (18 शहर)
4.	छोटे एवं मध्यम नगरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजना (यूआईडीएसएसएमटी), शहरी विकास मंत्रालय (31.12.2014 तक संचित उपलब्धियां)	₹2048.91 करोड़ (संचयी) (95 शहर)
5.	राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी): पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय (डीडब्ल्यूएस)	अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले जिलों में 6403 आवासों को कवर करने हेतु कुल स्वीकृत ₹920.66 करोड़।

22.7 कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा यह सूचित किया गया है कि वर्ष 2013–14 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों आदि ने 24,783 अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों की भर्ती की है, जो की गई कुल भर्ती का 8.53% बनता है।

22.8 प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किया गया है। वर्ष 2009 में, सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समितियों में लोक सभा से दो सांसद और राज्य सभा से एक सांसद को शामिल करने तथा राज्य सरकार द्वारा विधान सभा के दो विधायकों को नामित करने की मंजूरी दी थी। तथापि, राज्य स्तरीय समिति में शामिल किए गए सदस्यों में लोक सभा के एक तथा विधान सभा के सदस्य को उन राज्यों के किसी भी अल्पसंख्यक बहुल जिले में से चुना हुआ होना चाहिए, जिनमें अल्पसंख्यक बहुल जिले हैं। प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति के संबंध में, राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य सभा के एक सदस्य जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नामित किया जाएगा, के अलावा उस जिले के सभी संसद सदस्य और विधायक इस जिला स्तरीय समिति में शामिल किए जाएंगे।

अध्याय–23

सच्चर समिति की रिपोर्ट और अनुवर्ती कार्रवाई

23. भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए आंकड़े/जानकारी एकत्र करने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजिन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने दिनांक 17 नवम्बर, 2006 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। सरकार ने सच्चर समिति की अनुशंसाओं पर अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में कई निर्णय लिए और विभिन्न संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा निर्णयों के कार्यान्वयन की स्थिति निम्नानुसार है :–

23.1 वित्तीय सेवाएं विभाग :

(i) सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले जिलों में अधिक से अधिक शाखाएं खोलें। वर्ष 2014–15 के दौरान (सितम्बर, 2014 तक) 562 नई शाखाएं खोली गईं। दिनांक 30.09.2014 की स्थिति के अनुसार, अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले जिलों (एमसीडी) में 19,681 बैंक शाखाएं कार्य कर रही हैं।

(ii) भारतीय रिजर्व बैंक ने अल्पसंख्यक समुदायों के लिए ऋण सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्राथमिक क्षेत्र ऋण संबंधी अपने मास्टर सर्कुलर को 1 जुलाई, 2014 को संशोधित किया है। दिनांक 30.09.2014 की स्थिति के अनुसार, ₹2,48,761.84 करोड़ का ऋण अल्पसंख्यकों को प्रदान किया गया, जो कुल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण का 15.76% है।

(iii) प्रमुख बैंकों की जिला परामर्शी समितियां (डीसीसी) अल्पसंख्यकों के ऋण आवेदनों के निस्तारण और उन्हें अस्वीकार किए जाने के कार्य पर नियमित मॉनीटरिंग कर रही हैं।

(iv) महिलाओं में लघु वित्त ऋण को बढ़ावा देने के लिए अल्पसंख्यक महिलाओं के 545191 खाते खोले गए तथा ₹4,557.52 करोड़ का लघु ऋण दिया गया।

(v) सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले ब्लॉकों/जिलों/नगरों में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान (सितम्बर, 2014 तक) ऐसे क्षेत्रों में 5084 जागरूकता अभियान चलाए गए।

(vi) वर्ष 2014–15 के दौरान (सितम्बर, 2014 तक) प्रमुख बैंकों ने अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले ब्लॉकों/जिलों/नगरों में 1,839 उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए और लाभार्थियों की संख्या 13,644 है तथा लाभार्थियों को ₹90.57 करोड़ की राशि का ऋण दिया गया।

23.2 मानव संसाधन विकास मंत्रालय :

सच्चर समिति द्वारा यथा इंगित मुस्लिम समुदाय के शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या के समाधान हेतु एक बहु–आयामी कार्यनीति अपनाई गई है, जो नीचे दर्शायी गई हैः–

(क) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) योजना के तहत शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों के मानदण्ड को 1 अप्रैल, 2008 से संशोधित किया गया है, ताकि 30% से कम ग्रामीण महिला साक्षरता वाले ब्लॉकों तथा राष्ट्रीय औसत से नीचे के महिला साक्षरता वाले शहरी क्षेत्रों को योजना में शामिल किया जा सके। अभी तक अल्पसंख्यक बहुल जिलों में स्वीकृत 555 केजीबीवी में से 555 को शुरू कर दिया गया है।

(ख) माध्यमिक स्तर पर गुणवत्तापरक शिक्षा सुलभ कराने के लिए राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) नामक योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य सरकारों को सलाह दी गयी है कि वे योजना के तहत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते समय अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में नए स्कूलों की स्थापना/स्कूलों के उन्नयन को प्राथमिकता दें। शुरूआत से देश में स्वीकृत कुल 10,513 नए माध्यमिक स्कूलों में से 1,184 को अल्पसंख्यक बहुल जिलों में मंजूरी दी गई है और इनमें से 864 ने कार्य करना आरंभ कर दिया है।

(ग) देश के शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े 374 जिलों में एक–एक मॉडल डिग्री कॉलेज स्थापित किया जाएगा। शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े 374 जिलों में से 67 जिले अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल जिलों में हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान, 70 मॉडल कॉलेजों की राष्ट्रीय उपलब्धि की तुलना में, ₹61.40 करोड़ के व्यय से 23 नए मॉडल डिग्री कॉलेजों की स्थापना की गई है।

(घ) पालिटेक्निकों संबंधी सब–मिशन की योजना के अंतर्गत, राष्ट्रीय स्तर पर 291 जिले वित्तीय सहायता हेतु लक्षित हैं, जिनमें से 55 जिलें अल्पसंख्यक बहुल जिले (एमसीडी) हैं। संचयी रूप से 2009 से 30.09.2014 तक राष्ट्रीय स्तर पर 291 पालिटेक्निकों के लिए ₹2,113.69 करोड़ जारी किए गए थे, जिसमें से ₹336.78 करोड़ (कुल निर्मुक्त निधि का 16.07%) अल्पसंख्यक बहुल जिलों के 55 पालिटेक्निकों हेतु जारी किए गए थे।

(ङ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अल्पसंख्यक विशेषकर, मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में कालेजों और विश्वविद्यालयों में और अधिक बालिका छात्रावासों की व्यवस्था करने को वरीयता दी जाती है। वर्ष 2014–15 के दौरान (सितम्बर, 2014 तक), ₹0.26 करोड़ के व्यय से 19 महिला छात्रावासों को मंजूरी दी गई है।

(च) क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम को संशोधित कर दो योजनाओं में बांटा गया है। 11वीं पंचवर्षीय योजना में मदरसों में गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना (एसपीक्यूईएम) की शुरूआत की गई थी। इसमें शिक्षकों को बेहतर वेतन प्रदान करने तथा पुस्तकों, शिक्षण सामग्रियों और कम्प्यूटरों के लिए अधिक सहायता प्रदान करने और व्यावसायिक विषयों की शुरुआत करने आदि जैसे आकर्षक प्रावधान शामिल है। वर्ष 2013–14 के दौरान, इस योजना के अंतर्गत 14859 मदरसों तथा 35376 शिक्षकों की सहायता के लिए ₹182.73 करोड़ की राशि जारी की गई है। दूसरी योजना, जो सहायता–प्राप्त/सहायता–रहित अल्पसंख्यकों के निजी

संस्थानों में अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी है, की भी 11वीं पंचवर्षीय योजना में शुरूआत की गई थी। वर्ष 2013–14 के दौरान, 229 संस्थानों की सहायता के लिए आईडीएमआई के अंतर्गत ₹24.99 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है।

(छ) परिवर्ती उच्चत्तर शिक्षा प्राप्त करने के लिए, राज्य मदरसा बोर्डों द्वारा, जिनके प्रमाण–पत्रों और अर्हताओं को तत्संबंधी राज्य बोर्डों द्वारा समकक्ष माना गया है, जारी प्रमाण–पत्रों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), कॉउंसिल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन इन इंडिया (सीओबीएसई) अथवा/और किसी अन्य स्कूल परीक्षा बोर्ड के समकक्ष माना जाएगा। वर्ष 2005 से 31.07.2013 तक राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग (एनसीएमईआई) ने अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों का दर्जा देने वाले 8,419 प्रमाण–पत्र जारी किए हैं।

(ज) तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों नामतः अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली और मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद में उर्दू माध्यम के अध्यापकों के व्यावसायिक उन्नयन हेतु अकादमियां स्थापित की गईं हैं। 11वीं योजना के दौरान, 5,092 उर्दू शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा तीनों अकादमियों प्रत्येक को 4 करोड़ रु0 की राशि मंजूर की गई थी।

(झ) संशोधित योजना के तहत, ऐसे किसी क्षेत्र के सरकारी स्कूल में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वित्तीय सहायता दी जाती है, जिस क्षेत्र में उर्दू बोलने वालों की आबादी 25% से अधिक हो। वित्तीय सहायता राज्य सरकार के स्कूलों में नियुक्त उर्दू शिक्षकों के लिए प्रचलित वेतन ढांचे पर आधारित होगी। अंश–कालिक उर्दू शिक्षकों को मानदेय भी स्वीकार्य है। वर्ष 2012–13 के दौरान, पंजाब सरकार को 42 उर्दू शिक्षकों के वेतन के लिए ₹1.38 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई थी। योजना में और संशोधन किया गया है, जिसके अनुसार भारत सरकार उर्दू शिक्षकों, जहां किसी कक्षा के 15 अथवा इससे अधिक छात्र इसका विकल्प लेते हैं, की नियुक्ति के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी।

(ञ) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को मुस्लिम बहुल आबादी वाले क्षेत्रों में समुदाय आधारित जागरूकता अभियान चलाने की सलाह दी गई है। 410 पात्र जिलों में से 372 जिलों में, जहां वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार वयस्क महिला साक्षरता दर 50 प्रतिशत या इससे नीचे है, साक्षर भारत क्रियान्वित किया जा रहा है। साक्षर भारत के अंतर्गत, मुस्लिम बहुल आबादी वाले 88 जिलों में से 61 जिलों को शामिल किया गया है।

(ट) संशोधित योजनाओं में जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) की परिकल्पना की गई है। वर्तमान में, देश में मुस्लिम बहुल आबादी वाले 88 जिलों में से 33 जिलों में जन शिक्षण संस्थानों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जेएसएस कार्यक्रम के अंतर्गत, 31.10.2013 की स्थिति के अनुसार, अल्पसंख्यकों का कवरेज 12.31% की सीमा तक था। वर्ष 2013–14 के दौरान, 1,16,911 भर्तियों में से 14,065 अल्पसंख्यकों से संबंधित हैं।

(ठ) वर्ष 2008–09 से देश के सभी क्षेत्रों में मध्याह्न भोजन योजना लागू की गई है तथा इसमें उच्चतर प्राथमिक स्कूलों को भी शामिल किया गया है। मुस्लिम बहुल आबादी वाले ब्लॉकों को योजना के तहत शामिल किया जा रहा है। योजना के स्वतंत्र मूल्यांकन से पता चलता है कि योजना का सकारात्मक शैक्षणिक, पौषणिक एवं सामाजिक प्रभाव पड़ा है।

(ड) सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों को विद्यमान स्कूल भवनों और सामुदायिक भवनों को स्कूली बच्चों के लिए अध्ययन केन्द्र के रूप में प्रयोग में लाने की सलाह दी गई है।

(ढ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा – 2005 (एनसीएफ) के आलोक में सभी कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार की गई हैं। इक्कीस राज्यों ने एनसीएफ, 2005 के अनुसार अपने पाठ्यक्रमों को संशोधित कर लिया है, जबकि एक राज्य ऐसा करने की प्रक्रिया में है। दस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनसीईआरटी सिलेबस का जबकि तीन संघ राज्य क्षेत्रों ने पड़ोसी राज्यों की पाठ्यपुस्तकों अथवा एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का प्रयोग करते हैं।

(ण) अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक अपवर्जन और समावेशी नीति के अध्ययन हेतु 35 विश्वविद्यालयों ने अध्ययन केन्द्रों की शुरूआत की है। यूजीसी ने 23 केंद्रीय विश्वविद्यालयों, 114 राज्य विश्वविद्यालयों, 12 मानद विश्वविद्यालयों तथा 2179 कॉलेजों में अल्पसंख्यक एससी/एसटी/ओबीसी के लिए 2328 समान अवसर प्रकोष्ठों की स्थापना की है और 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ₹46.07 करोड़ की निर्मुक्ति की।

23.3 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय :

(क) समान अवसर आयोग (ईओसी) की संरचना और कार्यों संबंधी अध्ययन और अनुशंसा के लिए गठित विशेषज्ञ दल ने अपनी रिपोर्ट 13 मार्च, 2008 को सौंपी। विविधता सूचकांक की अवधारणा को समान अवसर आयोग में शामिल किया गया है। समान अवसर आयोग का प्रारूप विधेयक विधि एवं न्याय मंत्रालय से परामर्श करके तैयार किया गया था और प्रारूप विधेयक को मंत्रिमंडल द्वारा 20.02.2014 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया है। तथापि, क्योंकि मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन के पश्चात संसद स्थगित हो गई थी, उक्त विधेयक को संसद में प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। आम चुनाव–2014 के पश्चात केंद्र में नई सरकार आने के बाद समान अवसर आयोग के गठन संबंधी मंत्रिमंडल नोट के मसौदे को प्रस्ताव पर मंत्रालय/विभागों के विचार प्राप्त करने के लिए पुनः परिचालित किया गया था। अंतरमंत्रालयीन परामर्शन के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से भिन्न विचार/टिप्पणियां प्राप्त की गई थी और मामला मंत्रालय की जाचांधीन है।

(ख) वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित कर दिया गया है तथा 1 नवम्बर, 2013 से वक्फ़ संशोधन अधिनियम, 2013 लागू हो गया है।

(ग) सरकार ने ₹500 करोड़ की प्राधिकृत पूंजी के साथ राष्ट्रीय वक्फ़ विकास निगम (नावाडको) बनाया है। प्राधिकृत शेयर पूंजी में अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) का 49%, केन्द्रीय वक़्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी) का 9% तथा निजी वक़्फ संस्थानों तथा सार्वजनिक का 42% अंशदान होगा।

(घ) सरकार ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के पुनर्गठन को "सिद्धान्ततः" स्वीकृति प्रदान कर दी है। निगम के पुनर्गठन संबंधी ब्यौरे तैयार करने हेतु एक कंसल्टेन्सी फर्म को नियुक्त किया गया था। फर्म ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी, जिसकी मंत्रालय में जांच की गई। सचिव (अ0 का0) तथा आरबीआई, नाबार्ड के अधिकारियों को मिलाकर गठित समिति ने एनएमडीएफसी के पुनर्गठन के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया। व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ने दिनांक 11.07.2013 को आयोजित अपनी बैठक में प्रस्ताव पर विचार किया और उनकी सिफारिशों के आधार पर एसबीआई–सीएपीएस को एनएमडीएफसी के लिए एक व्यापार मॉडल विकसित करने के लिए मंत्रालय की सहायता करने के लिए रखा गया था। अंतिम मॉडल जिसके अनुसार एनएमडीएफसी को एक नोडल बैंक के साथ ब्याज छुट के लिए टाई अप करना था को ईएफसी द्वारा दिनांक 22.04.2014 को अनुमोदित किया गया था। मंत्रिमंडल नोट को मंत्रिमंडल सचिवालय को मंत्रिमंडल में प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 30.07.2014 को भेजा गया था। नोट पर मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्रतिक्षित है।

(ङ) अल्पसंख्यक बहुल अभिज्ञात 338 नगरों के विकास हेतु उपयुक्त कार्यनीति और कार्य योजना तैयार करने के लिए गठित अंतरमंत्रालयीन कार्य दल द्वारा 08 नवम्बर, 2007 को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। संबंधित मंत्रालयों/विभागों को इन 338 नगरों में अपनी योजनाओं को कार्यान्वित करने को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। अंतरमंत्रालयीन कार्य दल ने निम्नलिखित व्यापक अनुशंसाएं कीं :–

(1) शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य अवसंरचना में पता लगाई गई कमियों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना है।

(2) मूलभूत सुविधाओं में पता लगाई गई कमियों को शहरी विकास मंत्रालय तथा आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना है।

(3) वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों को प्राथमिक क्षेत्र ऋण का प्रतिशत वर्ष 2010 तक बढ़ाकर 15% किया जाना है। मंत्रालयों/विभागों को समुचित सलाह दी गई थी।

(च) अल्पसंख्यक समुदाय के लिए तीन छात्रवृत्ति योजनाएं नामतः – पहली से दसवीं कक्षा के लिए **मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना,** 11वीं से पीएच0डी तक की शिक्षा के लिए **मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना** और पूर्व–स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए **मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना** शुरू की गई है। इन योजनाओं के तहत, वर्ष 2014–15 के दौरान (दिसम्बर, 2014 तक) 87.85 लाख छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए ₹1739.55 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई। इसके अलावा, एमफिल

तथा पीएच0डी शोधकर्ताओं हेतु मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एमएएनएफ) योजना नामक अध्येतावृत्ति योजना कार्यान्वयनाधीन है। एमएएनएफ हेतु 756 नए अभ्यर्थियों का चुनाव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में प्रक्रियाधीन है।

(छ) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की योजनाओं के तहत, वर्ष 2014–15 के दौरान (30.09.2014 तक) 1423 गैर–सरकारी संगठनों को शैक्षणिक संस्थानों के अवसंरचना विकास हेतु ₹185.96 करोड़ सहायता अनुदान दिया गया है और कक्षा–XI और XII की मेधावी छात्राओं को ₹162.61 करोड़ के व्यय की 137318 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं।

(ज) वर्ष 2006–07 में संशोधित कोचिंग एवं संबद्ध योजना की शुरूआत हुई थी। वर्ष 2014–15 के लिए 7000 अभ्यर्थियों को कोचिंग देने के लक्ष्य के लिए ₹23.48 करोड़ का व्यय वहन करते हुए अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित 6314 छात्रों/अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता दी गयी है।

(झ) वर्ष 2008–09 में 90 अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) की शुरुआत की गई। 11वीं योजना के दौरान, ₹3734 करोड़ के केंद्रीय शेयर से 90 अल्पसंख्यक बहुल जिलों की योजनाएं अनुमोदित की गईं तथा 2935.30 करोड़ रु0 राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों को निर्मुक्त किए गए। वर्ष 2012–13 के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 90 अल्पसंख्यक बहुल जिलों हेतु ₹1109.74 करोड़ रु0 की जिला योजनाओं को अनुमोदित किया गया है तथा ₹641.26 करोड़ रु0 निर्मुक्त किए गए हैं।

सरकार ने 12वीं योजना के दौरान, बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु पुनर्गठन को अनुमोदित किया है। योजना की ईकाई को बदलकर जिलों के बजाए ब्लॉकों/नगरों/गांवों के समूह को बना दिया गया है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, 710 ब्लॉकों तथा 66 नगरों को कार्यान्वयन हेतु अभिज्ञात किया गया है। वर्ष 2013–14 के दौरान, ₹1466.98 करोड़ की परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया तथा 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार ₹952.80 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है। वर्ष 2014–15 में (दिसम्बर, 2014 तक) 669.17 करोड़ रु0 का अनुमोदन दिया गया है और 756.81 करोड़ रु0 जारी किए गए हैं।

23.4 सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय :

सामाजिक–धार्मिक समुदायों के लिए विभिन्न समाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा मानदंडों से संबंधित आंकड़े संकलित करने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय में एक राष्ट्रीय डाटा बैंक स्थापित किया गया है। जनसंख्या संबंधी 100 से ज्यादा तालिकाएं (जनगणना 2001 तथा जनगणना 2011) सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं।

23.5 योजना आयोग :

(क) उचित एवं सुधारात्मक नीतिगत निर्णय लेने के लिए एकत्र किए गए आंकड़ों के विश्लेषण हेतु योजना आयोग

में स्वायत्त आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण स्थापित किया गया था। चूंकि दिनांक 15 जनवरी, 2011 को आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण का कार्यकाल समाप्त हो गया, इसलिए योजना आयोग ने आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण का पुनर्गठन किया और नवपुनर्गठित आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण ने तीन कार्य समूहों का सृजन किया। तीनों कार्य समूहों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इन रिपोर्टों के आधार पर एएमए ने अपनी रिपोर्ट योजना आयोग को प्रस्तुत कर दी है। एएमए की सिफारिशें मंत्रालय में जाचांधीन है। आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण का कार्यकाल 30.06.2014 को समाप्त हो गया है।

(ख) कौशल विकास संबंधी प्रधानमंत्री की राष्ट्रीय परिषद (पीएमएनसीएसडी), योजना आयोग के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल विकास समन्वयन बोर्ड (एनएसडीसीबी) तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) को शामिल करते हुए केंद्रीय स्तर पर मई, 2013 तक कौशल विकास हेतु एक त्रि–स्तरीय संस्थागत संरचना कार्य कर रही थी। तथापि, केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयानुसार पीएमएनसीएसडी, एनएसडीसीबी तथा कौशल विकास संबंधी प्रधानमंत्री के सलाहकार के कार्यालय को राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) में मिला लिया गया है। एनएसडीए वित्त मंत्रालय के अधीन एक स्वायत निकाय है तथा इसे अन्य बातों के अलावा, सरकार और निजी क्षेत्र के कौशल विकास संबंधी प्रयासों में ताल मेल बिठाने और उनका समन्वयन करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है ताकि 12वीं योजना तथा इसके पश्चात के कौशल संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके तथा सामाजिक, धार्मिक, लैंगिक एवं आर्थिक विभाजन को दूर किया जा सके।

23.6 कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग :

(क) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सरकारी कर्मचारियों की जानकारी हेतु एक प्रशिक्षण माड्यूल तैयार किए गए हैं। ये माड्यूल प्रशिक्षण के लिए केन्द्रीय/राज्य प्रशिक्षण संस्थानों को भेजे गये हैं।

(ख) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने राज्य सरकारों और संघ राज्य–क्षेत्रों को सलाह दी है कि वे मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के थानों में मुस्लिम पुलिस कार्मिकों तथा मुस्लिम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और शिक्षकों की तैनाती करें।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के थानों में मुस्लिम पुलिस कार्मिकों तथा मुस्लिम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और शिक्षकों की तैनाती करने संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करते हुए अनुदेश जारी किए हैं। प्रत्युत्तर में, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा इस संबंध में समुचित परिपत्र जारी किए गए हैं।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने सूचित किया है कि वर्ष 2013–14 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थानों आदि में 24783 अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों की भर्ती की है, जो की गई कुल भर्तियों का 8.53% बनता है।

23.7 गृह मंत्रालय :

(क) परिसीमन अधिनियम की समीक्षा के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने सच्चर समिति की रिपोर्ट में परिसीमन योजनाओं के तहत आरक्षित चुनाव क्षेत्रों में खामियों के संदर्भ में व्यक्त चिंताओं पर विचार किया है तथा अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

उच्च स्तरीय समिति द्वारा सुझाव दिए गए अनुसार परिसीमन अधिनियम पर मंत्रियों के समूह द्वारा विचार किया गया था तथा इसे मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। मंत्रिमंडल के निर्णय के आधार पर, परिसीमन (संशोधन) अध्यादेश, 2008 प्रख्यापित किया गया, जिसे तदनंतर परिसीमन अधिनियम, 2008 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।

(ख) दिनांक 05.12.2005 को देश में साम्प्रदायिक हिंसा के सभी पहलुओं और मुद्दों का निपटान करने के लिए राज्य सभा में "साम्प्रदायिक हिंसा (रोकथाम, नियंत्रण और पीड़ितों का पुनर्वास) विधेयक, 2005" शीर्षक वाला एक विधेयक प्रस्तुत किया गया था। राज्य सभा में विधेयक पर विचार करने और पारित करने के लिए नोटिस दिए गए थे तथापि, इन अवसरों पर विधेयक को विचार के लिए नहीं उठाया जा सका। परिणामस्वरूप, साम्प्रदायिक हिंसा निवारण (न्याय एवं क्षतिपूर्ति तक पहुंच) विधेयक, 2013 शीर्षकयुक्त एक नया विधेयक तैयार किया गया था। उक्त विधेयक को 16.12.2013 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था। विधेयक को राज्य सभा में प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 17.12.2013 को नोटिस भेजा गया था किंतु उसको प्रस्तुत नहीं किया जा सका। साम्प्रदायिक हिंसा निवारण (न्याय एवं क्षतिपूर्ति तक पहुंच) विधेयक, 2014 शीर्षकयुक्त विधेयक को संसद के शीत सत्र में पुरःस्थापित करने के लिए दिनांक 21.01.2014 को राज्य सभा में दुबारा नोटिस दिया गया। तथापि, दिनांक 05.02.2014 को राज्य सभा में विचार–विमर्श के उपरांत, इसके पुरःस्थापन को आस्थगित कर दिया गया। "साम्प्रदायिक हिंसा (निवारण, नियंत्रण एवं पीड़ितों की पुनर्वास) विधेयक, 2005" शीर्षयुक्त विधेयक, जो राज्य सभा में लंबित था, 05.02.2014 को वापस ले लिया गया है।

28.8 शहरी विकास मंत्रालय और आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय :

(i) जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम), शहरी अवसंरचना एवं गवर्नेंस (यूआईजी), लघु एवं मध्यम नगरों में शहरी अवसंरचना विकास की योजना (यूआईडीएसएसएमटी), समेकित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) तथा शहरी गरीबों के लिए आधारभूत सेवायें (बीएसयूपी) के तहत निधियों के प्रवाह को कारगर बनाने हेतु अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले नगरों और शहरों में धनराशि के प्रवाह के आवश्यक उपाय किए गए हैं, ताकि ऐसे नगरों और शहरों से संबंधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में अल्पसंख्यकों के लिए पर्याप्त प्रावधान शामिल हों।

(क) यूआईजी के अंतर्गत, 31.12.2014 तक अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले 18 शहरों के लिए ₹10259.78 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

(ख) यूआईडीएसएसएमटी के अंतर्गत, 31.12.2014 तक अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले 95 नगरों के लिए ₹2048.91 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

(ग) आईएचएसडीपी के अंतर्गत, 30.09.2014 तक अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले 102 नगरों के लिए ₹2133.09 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

(घ) बी0 एस0 यू0 पी0 के अंतर्गत, 30.09.2014 तक 17 नगरों के लिए ₹6253.81 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

(ii) आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, लक्षद्वीप, चंडीगढ़, पुडूचेरी और केरल राज्य सरकारों को वक्फ बोर्ड परिसंपत्तियों पर किराया नियंत्रण अधिनियम से छूट दी गई है, जबकि अरूणाचल प्रदेश, दमन दीव और नागालैंड राज्यों ने सूचित किया है कि उनके राज्य में वक्फ संपत्ति नहीं है। निम्नलिखित राज्यों में आरसीए नहीं है– मणिपुर, ओडिशा और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।

23.9 श्रम और रोजगार मंत्रालय :

असंगठित क्षेत्र में, जिसमें अन्य के साथ–साथ गृह आधारित कामगार शामिल हैं, को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए संसद द्वारा एक अधिनियम पारित किया गया है।

23.10 संस्कृति मंत्रालय :

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन आने वाली वक्फ संपत्तियों की सूची की समीक्षा के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के परिमंडलों की राज्य वक्फ बोर्डों के साथ बैठकें आयोजित की गयी हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा वक्फ़ संपत्तियां, जो केंद्र द्वारा संरक्षित हैं, की सूची तैयार की गई है और इसे संबंधित प्राधिकारियों को अपने–अपने राज्य वक्फ़ बोर्डों के साथ बैठकें आयोजित करने के निर्देश देते हुए परिचालित किया गया है। संस्कृति मंत्रालय एएसआई के अंतर्गत, वक्फ़ों की सूची की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय वक्फ़ परिषद के साथ नियमित बैठक कर रहा है। ऐसी विगत बैठक दिनांक 15.10.2014 को आयोजित की गई।

23.11 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय :

अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से जुड़ी योजनाओं से संबंधित सूचनाओं का प्रचार–प्रसार क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है।

23.12 पंचायती राज मंत्रालय एवं शहरी विकास मंत्रालय :

शहरी विकास मंत्रालय ने सूचित किया है कि निम्ननिखित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थानीय निकायों में

अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए हैंः आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दमन दीव, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल। अंडमान निकोबार द्वीप समूह के प्रशासन ने सूचित किया है कि द्वीप समूह में किसी भी समुदाय को धार्मिक अथवा भाषा के आधार पर अल्पसंख्यक समुदाय के रूप में घोषित नहीं किया गया है। तथापि, मौजूदा परिषद में अल्पसंख्यक समुदायों से संबंध रखने वाले सदस्य शामिल हैं, जिन्हें निगम चुनाव की सामान्य प्रक्रिया के तहत चुना गया है। अरूणाचल प्रदेश में उल्लेख किया है कि उसका यह मत है कि पूरे राज्य में विभिन्न जनजातीय समूहों का वास है, जिनमें से कुछ शायद अलग पंथ में धर्मांतरित हो गए हैं। तथापि, वे अनुसूचित जनजाति के लाभ और सामाजिक अधिकारों का लाभ उठाते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने उल्लेख किया है कि राज्य में आंध्र प्रदेश मॉडल को अपनाना व्यवहार्य नहीं है क्योंकि इसकी जनसांख्यिकीय रूपरेखा आंध्र प्रदेश से भिन्न है। गोवा में यूएलबी में अल्पसंख्यकों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। हिमाचल प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों में अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व के लिए हिमाचल प्रदेश के निगम की कार्रवाईयों में कोई व्यवस्था नहीं है।

पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा की गई पहल के आधार पर स्थानीय निकायों में अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व की स्थिति में सुधार लाने के लिए अपेक्षित एडवाइजरी जारी की है।

23.13 सूचना और प्रसारण मंत्रालय :

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा नियमित रूप से अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर फिल्म–चित्र जारी किए जाते रहे हैं। इन फिल्म–चित्रों में छात्रवृत्ति योजनाओं तथा सच्चर समिति रिपोर्ट के अनुसरण में की गई पहलों से संबंधित जानकारी शामिल की गयी है।

23.14 अमिताभ कुंडु समिति की रिपोर्टः

23.14.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने प्रो0 अमिताभ कुंडु, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में 05.08.2013 को मुख्यतः भारत सरकार द्वारा सच्चर समिति की सिफारिशों पर लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की प्रक्रिया का मूल्यांकन करने और प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन करने तथा नीतियों और कार्यक्रमों में हस्तक्षेप और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए एक समिति का गठन किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट दिनांक 09.10.2014 को प्रस्तुत कर दी है।

23.14.2 रिपोर्ट की अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में जांच की गई है। यह निर्णय लिया गया है कि चूंकि समिति की सिफारिशें व्यापक रूप से अन्य मंत्रालयों/विभागों की नीतियों और कार्यक्रमों को भी कवर करती हैं और संबंधित मंत्रालयों/विभागों के विचार भी इन सिफारिशों पर उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए अपेक्षित हैं। तद्नुसार, सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों और नीति आयोग को समिति की सिफारिशों पर अपने विचार/टिप्पणियां देने का आग्रह किया गया है। विचार/टिप्पणियां प्रतिक्षित हैं।

अध्याय–24

जेन्डर विशिष्ट मुद्दे और जेन्डर बजटिंग

24.1 मंत्रालय ने वर्ष 2012–13 से अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास के लिए एक नई योजना ''नई रोशनी'' का कार्यान्वयन आरंभ किया है। इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक महिलाओं और उसी गांव/मुहल्ले में रहने वाली अन्य समुदायों के उनके पड़ोसियों को सरकारी तंत्रों, बैंकों और सभी स्तर पर मध्यस्थों के साथ संपर्क करने के साधन, तकनीकें और जानकारी उपलब्ध कराकर उनमें विश्वास की भावना भरना और उन्हें सशक्त बनाना है। नेतृत्व प्रशिक्षण मॉड्यूलों में अनिवार्य रूप से संविधान और विभिन्न अधिनियमों के अतर्गत महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, आजीविका आदि से संबंधित मुद्दों और महिला अधिकारों, और दुकान, पेय–जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, साफ–सफाई, आवास, स्व–रोजगार, मजदूरी रोजगार, कौशल प्रशिक्षण अवसर, महिलओं के प्रति अपराध आदि के क्षेत्रों में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत अवसरों, सुविधाओं और सेवाओं को कवर किया गया है। यह योजना गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। वर्ष 2013–14 के दौरान, मंत्रालय का लक्ष्य 15 करोड़ रुपए की राशि के साथ 40,000 महिलओं को प्रशिक्षित करने का है। दिनांक 31/03/2014 तक, 24 राज्यों में 60,875 महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 11.96 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान, मंत्रालय ने 12.52 करोड़ रु0 की राशि के साथ 26 राज्यों में 68225 महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु सहायता प्रदान की है।

24.2 देश में अल्पसंख्यकों के बीच महिलाएं सबसे कमजोर वर्ग हैं, इस तथ्य के आलोक में एनएमडीएफसी महिलाओं की ऋण संबंधी जरूरतों पर विशेष ध्यान देता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के लघु वित्तपोषण योजना का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को अनौपचारिक ढंग से गैर–सरकारी संगठनों/स्वयं–सहायता समूहों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने पर केंद्रित करता है। एनएमडीएफसी ने शुरू से लेकर 31/3/2014 तक 5,73,095 लाभार्थियों को 706.22 करोड़ रु0 का लघु ऋण उपलब्ध कराया है, जिसमें से लगभग 90% लाभार्थी महिलाएं हैं।

24.3 महिला समृद्धि योजना

महिला समृद्धि योजना नामक एक विशेष योजना है, जिसके माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद सूक्ष्म ऋण से जोड़ा जाता है। इस योजना के तहत, महिलाओं को छह माह का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है और उसके बाद आय सृजन संबंधी कार्य शुरू करने के लिए 7% वार्षिक ब्याज की दर से 1,00,000/– रुपए तक का लघु ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

अध्याय–25

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

25.1 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 (1)(ख) के प्रावधानों के अनुसार, इस मंत्रालय ने सभी आवश्यक सूचना अर्थात् मंत्रालय का संगठनात्मक ढांचा, अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य और कर्त्तव्य, मंत्रालय में उपलब्ध अभिलेख और दस्तावेज आदि को आम जनता की जानकारी और मार्गदर्शन के लिए मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in पर अपलोड किया है। इसमें, मंत्रालय और इसके विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी सूचना उपलब्ध करायी गई है।

25.2 बेहतर पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए, मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित योजनाओं/कार्यक्रमों के तहत प्राप्त उपलब्धियों के आंकड़े तथा इन योजनाओं/कार्यक्रमों के संबंध में बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों को मंत्रालय की वेबसाइट पर नियमित रूप में अपलोड कर दिया जाता है। विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत राज्य सरकारें छात्रवृत्ति प्रदत्त छात्रों के नामों की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड करती हैं और उसे मंत्रालय की वेबसाइट से जोड़ती हैं। इसके अतिरिक्त, बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से यह अपेक्षित होता है कि पूर्ण हुए और चल रहे कार्यों के फोटोग्राफ प्रस्तुत करें, जिसे मंत्रालय की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करना होता है। मंत्रालय ने अपनी योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित लाभार्थियों की शंकाओं के समाधान और सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए एक समर्पित हेल्प लाइन भी है।

25.3 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत चौदह केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी और आठ प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के रूप में पदनामित किया है। वर्ष 2014–15 में (31 जनवरी, 2015 तक) आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत 821 आरटीआई आवेदन और 50 अपीलें (ऑनलाइन सहित) प्राप्त हुईं थीं। आरटीआई आवेदनों और अपीलों से संबंधित स्थिति की तिमाही रिपोर्ट केन्द्रीय सूचना आयुक्त की वेबसाइट पर भी नियमित रूप से अपलोड की जा रही है।

25.4 केंद्रीय सचिवालय के निष्पादन प्रबंधन प्रभाग के शिकायत निवारण तंत्र के लिए सीपीग्राम्स लिंक दर्शाते हुए एक स्क्रीन शॉट मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अंतर्गत सभी दायित्व केंद्रों (आरसी) को उनके वेबसाइट पर सीपीग्राम्स लिंक दिए गए हैं। सभी आरसीएस को यूजर आईडी कोड और पासवर्ड आवंटित किए गए हैं तथा मंत्रालय सीपीग्राम्स लिंकों के माध्यम से इलैक्ट्रानिक रूप में आरसीएस से संबंधित शिकायतें अग्रेषित करता है। वर्ष 2013–14 के दौरान, कुल 361 (90 अग्रेनीत सहित) शिकायतें प्राप्त हुई थीं और 320 शिकायतों का विधिवत समाधान कर दिया गया था।

अध्याय–26

शासकीय लेखापरीक्षा

26.1 महालेखा परीक्षक (केंद्रीय व्यय), नई दिल्ली के कार्यालय से मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए मांग संख्या 68– अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संबंध में पांच मसौदा पैरे अभिमत के लिए प्राप्त हुए थे। मौजूदा स्थिति निम्न तालिका में दी गई है:–

क्रम सं0	लेखापरीक्षा पैरा	की गयी कार्रवाई
1	100 करोड़ रु0 अथवा अधिक की बचत	मंत्रालय का अभिमत महालेखा परीक्षक (केंद्रीय व्यय) को उनकी ओर से और समीक्षा के लिए प्रस्तुत कर दिए गए हैं।
2	उप–शीर्ष के अंतर्गत 100 करोड़ रु0 अथवा अधिक की बचत	
3	वर्ष की समाप्ति पर बचत का अभ्यर्पण	
4	संपूर्ण प्रावधान का उपयोग न किया जाना	
5	100 करोड़ रु0 अथवा अधिक की सतत बचत	

अध्याय–27

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पिछले तीन माह में अल्पसंख्यक कार्यमंत्रालय और इसके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा की गई कार्रवाई

27.1 मंत्रालय और इसके संबद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारियों तथा स्टॉफ को 02 अक्तूबर, 2014 **(अनुलग्नक–**XXI) का शपथ लेने के लिए कहा गया था। शपथ 02 अक्तूबर, 2014 को दिलाई गई थी। उनसे 02 अक्तूबर, 2014 से सफाई अभियान शुरू करने का अनुरोध किया गया था। तद्नुसार, यह अभियान 02 अक्तूबर, 2014 से मंत्रालय के सभी कार्यालयों में शुरू हो गया है और चल रहा है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय वक्फ परिषद जैसे अधीनस्थ कार्यालयों ने 02 अक्तूबर, 2014 को आयोजित स्वच्छ भारत मिशन के अवसर पर चलाए गए क्रियाकलाप के बारे में फोटोग्राफ के साथ अपनी कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

27.2 मंत्रालय ने फाइलों/कागजों की छंटाई का कार्य शुरू किया था और आदिनांक 1700 पुरानी फाइलों और गैर–सरकारी संगठनों/संगठनों के 1840 अस्वीकृत प्रस्ताव की छंटाई कर दी गई है। मंत्रालय में पड़े फर्नीचर, कूलर और इलेक्ट्रॉनिक मदों जैसी पुरानी तथा अप्रयुक्त वस्तुओं का निपटान कर दिया गया है। सभी शौचालयों का नवीनीकरण किया गया है। इससे मंत्रालय में स्वच्छ और स्वस्थ कार्य माहौल बना है।

27.3 माननीया मंत्री (अ0का0) और माननीय राज्य मंत्री (अ0का0) के क्रमशः 11वें तल और प्रथम तल, पर्यावरण भवन में स्थित कार्यालयों में पौधें रखे गए हैं। प्रथम तल, पर्यावरण भवन में माननीय राज्य मंत्री (अ0का0) के कार्यालय और गलियारे में क्षतिग्रस्थ वर्टिकल ब्लाइंड्स प्रतिस्थापित किए गए हैं। सीढ़ियों सहित कॉमन क्षेत्र की सफाई की जाती है। इससे मंत्रालय में एक अच्छा सुरूचिपूर्ण कार्य माहौल सृजित हुआ है।

27.4 स्वच्छता अभियान के रूप में माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने 07 अक्तूबर, 2014 को अभियान के कारगर क्रियान्वयन हेतु एक व्यापक कार्य योजना के लिए सीजीओ परिसर में स्थित सभी मंत्रालयों/विभागों के साथ एक बैठक की। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया उनमें यह था कि पूराने/बेकार वाहनों की एक बड़ी संख्या सीजीओ परिसर में स्थायी तौर पर पार्क की गई है, जो पार्किंग स्थान पर कब्जा बनाए हुए हैं तथा इससे परिसर में स्वच्छ और स्वस्थ माहौल बनाए रखने में और साथ ही दैनिक आधार पर वाहनों की पार्किंग में बाधा उत्पन्न हो रही है। समुचित यातायात प्रबंधन पर भी विचार–विमर्श किया गया है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित विभागों से भवनों और परिसर को स्वच्छ रखने का अनुरोध किया गया।

27.5 माननीया अल्पसंख्यक कार्य मंत्री की अध्यक्षता में 07 अक्तूबर, 2014 को आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि सीजीओ परिसर में पार्क किए गए पुराने/बेकार वाहनों का निपटान किया जाए/हटाया जाए। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से स्वच्छता अभियान में और सुधार लाने हेतु निम्नलिखित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया थाः–

(i) कार्यालय परिसरों का समुचित रख–रखाव और साफ–सफाई।

(ii) बगीचों का अच्छी तरह से रख–रखाव किया जाए। बागवानी पर ध्यान दिया जाए।

(iii) मंत्रालयों/विभागों को अप्रयुक्त वस्तुओं यथा अलमारी, कुर्सी, मेज, फाइल/कागज, सीढ़ियों अथवा कॉमन क्षेत्रों में रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इनसे आग की जोखिम का खतरा भी बना रहता है।

(iv) लगातार जल आपूर्ति के साथ शौचालय का समुचित रख–रखाव किया जाए।

27.5.1 इस संबंध में, माननीया अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने भी सीजीओ परिसर के भीतर समुचित यातायात प्रबंधन के लिए माननीय गृह मंत्री को दिनांक 09 सितम्बर, 2014 को एक अ0शा0 पत्र लिखा है।

27.6 हाउसकीपिंग, तलों पर पोंछा लगाने का कार्य पहले ही निजी एजेंसियों से आउटर्सोस रूप में कराया जा रहा है और कार्य में काफी हद तक गुणात्मक सुधार आया है।

27.7 इस मंत्रालय का बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) जो एक केंद्र प्रायोजित योजना है उसका उद्देश्य चिन्हित अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक अवसंरचना सृजित करके और अल्पसंख्यकों की जीवन गुणवता को उन्नत बनाने के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान करके विकास की कमियों का समाधान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, 02 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन शुरू किए जाने के पश्चात, निम्नलिखित कार्रवाईयों की गई हैंः–

(i) पेयजल के साथ साफ–सफाई सुविधाएं सभी स्कूल भवनों, कॉलेजों, छात्रावासों, आईटीआई, पोलीटेक्निकों और ऐसी अन्य बुनियादी परियोजनाओं के लिए मुहैया कराई जाएंगी। यदि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अलग शौचालयों के परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होते हैं, तो उनकी भी व्यवस्था की जाएगी।

(ii) इस वर्ष के दौरान, मंत्रालय द्वारा 7 डिग्री कॉलेज, 76 स्कूल भवन, 64 छात्रावास, 27 आईटीआई, 1 पोलीटेक्निक अनुमोदित किए गए हैं और सभी भवनों में सफाई सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इनके अलावा, जल सुविधा के साथ 33 शौचालय उन स्कूलों के लिए अलग से अनुमोदित किए गए हैं, जहां इसकी आवश्यकता थी।

(iii) इसके अतिरिक्त, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान अनुरोध किया गया है कि अवसंरचना हेतु परियोजना प्रस्तावों को तैयार करते समय, साफ–सफाई की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

27.8 स्वच्छ भारत मिशन के आलोक में उपर्युक्त सभी कदमों का आने वाले वर्षों में और अधिक जोड़दार ढ़ंग से अनुगमन किया जाएगा।

अध्याय–28

परिणाम–ढांचा दस्तावेज, नागरिक/सेवार्थियों का चार्टर और शिकायत निवारण तंत्र

28.1 4 जून, 2009 को संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति के सम्बोधन में की गयी घोषणा के अनुसरण में, प्रधानमंत्री ने 11 सितम्बर, 2009 को सरकारी विभागों के लिए निष्पादन निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली की रूपरेखा का अनुमोदन कर दिया था।

इस प्रणाली के अनुसार, प्रत्येक मंत्रालय/विभाग से यह अपेक्षा की गयी है कि वह सरकार द्वारा समय–समय पर संसूचित घोषणा, कार्यसूची, राष्ट्रपति के संबोधन, संबंधित मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट प्राथमिकताओं को शामिल करते हुए परिणाम ढांचा दस्तावेज तैयार करे। इस मंत्रालय ने 30 नवम्बर, 2009 को वर्ष 2009–10 के लिए अपना प्रथम आरएफडी तैयार करने का कार्य पूरा कर लिया। सरकार में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए "सरकार की घटती क्वांटिटी" से "सरकार की बढ़ती गुणवत्ता" में अंतरण की दिशा में इस कार्य की शुरूआत थी।

28.2 वर्ष 2013–14 के लिए मंत्रालय का नागरिक/सेवार्थियों का चार्टर, जो 'सेवोत्तम' हेतु अनुवर्ती एवं अनिवार्य आवश्यकता है, तैयार कर लिया गया तथा और 29 मई, 2014 को मंत्रिमंडल सचिवालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। वर्ष 2014–15 के लिए मंत्रालय का आरएफडी भी मंत्रिमंडल सचिवालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

28.3 मंत्रिमंडल सचिवालय में निष्पादन प्रबंधन प्रभाग के शिकायत निवारण तंत्र के लिए सीपीग्राम्स लिंक वाले एक स्क्रीन शॉट को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

अनुलग्नक–I



अनुलग्नक–II

31.01.2015 के अनुसार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का पदधारिता विवरण

क्र. सं	पद वेतन बैंड/ग्रेड वेतन/ग्रुप	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे गए पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या
1.	सचिव/₹80,000/– निर्धारित/ ग्रुप 'ए'	01	01	00
2.	संयुक्त सचिव/ग्रे.वे. ₹10000/– ग्रुप 'ए'	03	03	00
3.	निदेशक/उप सचिव/ग्रे.वे. ₹8700/–/7600/ ग्रुप 'ए'	07	06	01
4.	संयुक्त निदेशक (राजभाषा)/ग्रे.वे. 7600/–	01	00	01
5.	अवर सचिव/ग्रे.वे. ₹6600/–/ग्रुप 'ए'	10	10	00
6.	सहायक निदेशक/ग्रे.वे. ₹5400/–/ ग्रुप 'ए'	03	01	02
7.	अनुसंधान अधिकारी/ग्रे.वे. ₹5400/–/ ग्रुप 'ए'	01	00	01
8.	सहायक निदेशक (राजभाषा)/ग्रे.वे. ₹5400/–/ ग्रुप 'बी'	01	01	00
9.	अनुभाग अधिकारी/ग्रे.वे. ₹4,800/–/ ग्रुप 'बी'	08	05	03
10.	वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव/ग्रे.वे. ₹7600/– ग्रेड 'ए'	01	01	00
11.	प्रधान निजी सचिव ग्रे.वे. ₹6600/–	03	02	01
12.	सहायक/ग्रे.वे. ₹4600/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	10	06	04
13.	वरिष्ठ अनुसंधान अन्वेषक/ग्रे.वे. ₹4200/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	04	02	02
14	वरिष्ठ अन्वेषक/ग्रे.वे. ₹4200/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	04	00	04
15.	लेखाकार/ग्रे.वे. ₹4200/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	01	00	01
16.	निजी सचिव/ग्रे.वे. ₹4800/–/ ग्रुप 'बी'	04	04	00
17.	आशुलिपिक ग्रेड 'सी'/पीए ग्रे.वे. ₹4600/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	07	06	01
18.	वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक/ग्रे.वे. ₹4600/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	01	01	00
19.	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक/ग्रे.वे. ₹4200/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	03	02	01
20.	आशुलिपिक ग्रेड 'डी'/ग्रे.वे. ₹2400/–/ ग्रुप 'सी'	05	03	02
21.	उच्च श्रेणी लिपिक/ग्रे.वे. ₹2400/–/ ग्रुप 'सी'	01	00	01
22.	स्टाफ कार चालक/ग्रे.वे. ₹1900/–/ ग्रुप 'सी'	02	02	00
23	एमटीएस ग्रेड/ग्रे.वे. ₹1800/–/ ग्रुप 'डी'	14	09	05
24	सहायक निदेशक (उर्दू)/ग्रे.वे. ₹5400/– ग्रुप 'बी'	01	00	01
25.	वरिष्ठ अनुवादक (उर्दू)/ग्रे.वे. ₹4600/–/ ग्रुप 'बी' (अ0रा0)	01	01	00
26.	टाइपिस्ट (उर्दू)/ग्रे.वे. ₹1900/–/ ग्रुप 'सी'	01	00	01
योग :		**98**	**66**	**32**

अनुलग्नक–III

बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) परिव्यय, वर्ष 2014–15 (31.12.2014 तक) के दौरान बजट अनुमान, संशोधित अनुमान और वास्तविक व्यय के योजना/कार्यक्रम–वार ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण

(करोड़ में)

क्र.सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	बारहवीं योजना परिव्यय	बजट अनुमान 2014–15	संशोधित अनुमान 2014–15	वास्तविक व्यय 31.12.2014 तक
क.	**केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाएं**				
1.	मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के लिए सहायता–अनुदान	500.00	113.00	113.00	113.00
2.	अल्पसंख्यकों के लिए कोचिंग एवं संबद्ध योजना	120.00	25.00	31.67	23.42
3.	एनएमडीएफसी की इक्विटी में अंशदान	600.00	120.00	30.00	0.00
4.	अल्पसंख्यकों के लिए प्रचार सहित अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और विकास योजनाओं का मूल्यांकन	220.00	45.00	32.75	21.63
5.	एनएमडीएफसी कार्यक्रम के कार्यान्वयन में लगी राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) को सहायता–अनुदान	10.00	2.00	2.00	1.38
6.	अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना	75.00	14.00	14.00	11.58
7.	अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	430.00	50.00	1.00	0.09
8.	राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण	17.00	3.00	3.00	3.00
9.	विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋणों पर ब्याज में आर्थिक सहायता	10.00	4.00	3.50	3.50
10.	लघु अल्पसंख्यक समुदाय की घटती आबादी को रोकने की योजना	10.00	2.00	0.50	0.32
11.	कौशल विकास संबंधी पहलें	60.00	35.00	46.23	34.68

12.	संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सहायता	18.00	4.00	2.50	1.80
13.	राज्य वक्फ बोर्डों का सुदृढ़ीकरण	35.00	7.00	4.00	3.54
14.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति	1580.00	335.00	350.00	222.84
15.	अल्पसंख्यकों के लिए बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम	5788.00*	1250.00	770.94	754.45
16.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति	5000.00	1100.00	1130.00	1040.23
17.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	2850.00	598.50	598.50	56.54
18.	मौलाना आजाद चिकित्सा सहायता योजना		2.00	0.01	0.00
19.	विकास हेतु कौशलों का उन्नयन तथा पारम्परिक कलाओं/शिल्पों का प्रशिक्षण (उस्ताद)			0.50	0.00
20.	हमारी धरोहर			5.00	0.00
21.	सचिवालय (सूचना प्रौद्योगिकी)		1.50	0.90	0.40
सकल योग (क+ख)		**17323.00**	**3711.00**	**3140.00**	**2292.40**

* (i) *पिछड़ों के रूप में चिन्हित 251 ऐसे नगरों/शहरों में से 100 अल्पसंख्यक बहुल नगरों/शहरों में शिक्षा संवर्धन की योजना* (ii) *एमसीबी/एमसीडी द्वारा अनाच्छादित गांवों के लिए ग्राम विकास कार्यक्रम* (iii) *एमसीडी में जिला स्तर के संस्थान को सहायता और* (iv) *9वीं कक्षा की छात्राओं को मुफ्त साईकिल जिन्हें एमएसडीपी के साथ आमेलित कर दिया गया है, के लिए आबंटन सहित।*

अनुलग्नक–IV

अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) के लिए बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) – 11वीं योजना हेतु अनुमोदन

31.12.2014 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त की गई रिपोर्टो के अनुसार वित्तीय प्रगति रिपोर्ट

लाख रु0 में

क्रम सं.	राज्य	आबंटन	अनुमोदित परियोजनाएं	जारी की गई निधि
1	उत्तर प्रदेश	101570.00	100300.85	79012.30
2	पश्चिम बंगाल	68610.00	68579.68	61139.52
3	असम	70350.00	69275.35	46892.62
4	बिहार	52320.00	52280.58	40563.07
5	मणिपुर	13910.00	13912.58	12043.01
6	हरियाणा	4920.00	4919.90	4187.89
7	झारखंड	18140.00	17997.54	13944.70
8	उत्तराखंड	5950.00	5227.77	3235.84
9	महाराष्ट्र	6000.00	5993.93	5671.69
10	कर्नाटक	3990.00	3914.40	3793.15
11	अंडमान एवं निकोबार	1500.00	1242.85	68.25
12	ओडिशा	3130.00	3129.92	2562.21
13	मेघालय	3050.00	3047.65	3047.65
14	केरल	1500.00	1500.00	1462.92
15	मिजोरम	4590.00	3895.33	2724.93
16	जम्मू एवं कश्मीर	1500.00	1506.21	1349.61
17	दिल्ली	2210.00	2191.15	1099.73
18	मध्य प्रदेश	1500.00	1493.30	1398.30
19	सिक्किम	1500.00	1268.59	1100.02
20	अरूणाचल प्रदेश	11800.0	11711.70	8232.15
	योग	**378040.00**	**373389.28**	**293529.56**

अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) के लिए बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) - 11वीं योजना हेतु अनुमोदन
31.12.2014 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त की गई रिपोर्टो के अनुसार वास्तविक प्रगति रिपोर्ट

क्रम सं.	राज्य		इंदिरा आवास योजना	कुल स्वास्थ्य	आंगनवाड़ी केंद्र	हैंडपम्प/ पेयजल सुविधा	अतिरिक्त कक्षा-कक्ष	स्कूल भवन	शिक्षण सहायता	प्रयोगशाला उपकरण	आईटीआई भवन	पोलीटेक्नीक	स्कूल में पेयजल एवं शौचालय	सोलर लालटेन/ सोलर प्रकाश	छात्रावास	विविध
1	उत्तर प्रदेश	यू.एस.	84480	870	9336	12510	667	61	0	2	32	19	1578	0	12	0
		यू.सी.	74353	636	7700	9946	498	23	0	0	7	1	826	0	2	0
		डब्ल्यूआईपी	2871	59	1154	496	108	37	0	0	25	18	38	0	9	0
2	पश्चिम बंगाल	यू.एस.	37532	743	7007	6529	6401	41	40	60	6	3	66	5000	39	0
		यू.सी.	37398	733	6925	6529	5526	34	40	60	2	0	20	5000	27	0
		डब्ल्यूआईपी	134	10	122	0	757	7	0	0	4	3	46	0	12	0
3	असम	यू.एस.	89836	133	2077	11195	3557	0	16	50	15	1	294	9905	38	0
		यू.सी.	43662	80	588	3463	636	0	0	0	0	0	144	0	0	0
